

उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

## बंगाल हिंसा पर सीएम योगी की दो टूक

# दंगाइयों का इलाज ही डंडा है, लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले



**लखनऊ ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर एक बार फिर ममता सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बंगाल जल रहा है और मुख्यमंत्री चुप हैं, दंगाइयों को शांति दूत कहती हैं। सीएम योगी ने यह भी कहा कि लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं? सीएम योगी ने मंगलवार को हरदोई में अमर सेनानी राजा नरपति सिंह स्मारक स्थल पर आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि याद कीजिए 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश को, हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था, इन दंगाइयों का उपचार ही डंडा है। बिना डंडे के मानेंगे नहीं। आप देख रहे होंगे कि बंगाल जल रहा है, वहां की मुख्यमंत्री चुप हैं, दंगाइयों को शांति दूत कहती हैं, लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं, लेकिन सेकुलरिज्म के नाम पर इन लोगों ने दंगाइयों को दंगा करने की पूरी छूट दे रखी है। सीएम योगी ने ममता सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूरा मुर्शिदाबाद एक सप्ताह से जल रहा है, राज्य सरकार मौन है, इस प्रकार की अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए और मैं वहां के न्यायालय को इस बात के लिए धन्यवाद दूंगा कि जिन्होंने वहां पर केंद्रीय बलों की तैनाती करके अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाया है। उन्होंने विपक्षी दलों की चुप्पी पर कहा कि सब लोग मौन हैं, मुर्शिदाबाद दंगों पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी मौन हैं, टीएमसी मौन है, वे धमकी पर धमकी दिए जा रहे हैं, बांग्लादेश के अंदर जो हुआ था, उसका समर्थन कर रहे हैं, अगर उन्हें बांग्लादेश अच्छा लगता है, तो उन्हें बांग्लादेश जाना चाहिए, क्यों भारत की धरती पर बोझ बने हुए हैं? सीएम योगी ने जिक्र किया कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के आभारी हैं, जिन्होंने वक्फ कानून को लाकर गरीबों की जमीनों पर डकैती पर लगाम लगाने का काम किया है, अब जो जमीन वापस आएगी, उस पर अस्पताल, गरीबों के लिए घर, ऊंची इमारतें, स्कूल और विश्वविद्यालय बनाए जाएंगे। निवेश के लिए भूमि बैंक बनाया जाएगा। लेकिन, किसी को भी जमीन पर कब्जा करने और गुंडागर्दी करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इसलिए ये लोग चिंतित हैं क्योंकि जमीन के नाम पर लूट बंद होने वाली है। उन्होंने वक्फ कानून का विरोध करने वालों पर तंज कसते हुए कहा कि वे सभी परेशान हैं कि अब उनके गुर्गे खाली हो जाएंगे, जो पहले जनता को लूटते थे, इनको अब भय है कि इनके द्वारा पाले गए गुर्गे भस्मासुर बन जाएंगे और इन्हें ही ना लूटना शुरू कर दें। इसलिए, ये अब वक्फ के नाम पर लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं और उन्हें गुमराह करने का काम कर रहे हैं।

## ईमानदारी, सच्चाई और सादगी के जीवन मूल्यों का पालन करने वाले अधिक सुखी : राष्ट्रपति मुर्मू



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत 2023 बैच के आईएएस अधिकारियों के समूह से राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में मुलाकात की। राष्ट्रपति ने आईएएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे असाधारण दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से अधिकारी बने हैं। इससे उनके निजी जीवन में भी बड़ा बदलाव आया है। उन्हें अब अधिक दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ अनगिनत लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने का अवसर मिला है। उनके सेवा और अधिकार का क्षेत्र इतना व्यापक है कि वे अपनी पहली पोस्टिंग में ही कई नागरिकों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

उन्होंने आईएएस अधिकारियों को वंचितों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी सलाह दी कि अधिकारी अपने करियर के दौरान कुछ समय बाद पोस्टिंग वाले स्थानों पर जाएं और अपने काम के दूरगामी परिणाम देखें। अधिकारियों को लोक सेवकों के अधिकारों और कर्तव्यों को ध्यान में रखना चाहिए। एक लोक सेवक के कर्तव्य उसकी जिम्मेदारियां हैं और उसके अधिकार उन कर्तव्यों को पूरा करने का साधन हैं। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि उनके करियर की असली कहानी उनके काम से बनेगी, न कि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने से। उनकी असली सामाजिक संपत्ति उनके अच्छे काम से तय होगी। प्रत्येक लोक सेवक को ईमानदारी और उद्देश्य के साथ काम करना चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का हम सभी सामना कर रहे हैं। नैतिकता और मूल्यों का क्षरण भी बहुत गंभीर चुनौतियां हैं। निष्ठावान और ईमानदार होने के बारे में और कुछ कहने की जरूरत नहीं है। ईमानदारी, सच्चाई और सादगी के जीवन मूल्यों का पालन करने वाले लोग अधिक सुखी रहते हैं। लोक सेवा में ईमानदारी सबसे वांछनीय नीति है। लोक सेवक से यह अपेक्षा की जाती है कि वे जीवन के हर क्षेत्र में निष्ठा और संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में लोगों की आकांक्षाएं बढ़ रही हैं। वे प्रशासकों की जवाबदेही के प्रति जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को आमजनों के साथ निकटता बढ़ाने और स्थानीय प्रयासों में उनकी भागीदारी बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के जनहित के मुद्दों को हल करने की भी सलाह दी।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी कश्मीर को देंगे बड़ी सौगात, 19 अप्रैल को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे

**जम्मू,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को रियासी जिले के कटरा कस्बे में श्री माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन से कश्मीर के लिए बहुप्रतीक्षित ट्रेन का उद्घाटन करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से आज रेलवे और जम्मू-कश्मीर प्रशासन को इसकी पुष्टि भेज दी गई है. इसके साथ ही कटरा के खेल स्टेडियम में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे. अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री 19 अप्रैल को सुबह 10 बजे उधमपुर पहुंचेंगे और उसके बाद वह दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का प्रत्यक्ष अवलोकन करने के लिए चिनाब रेलवे ब्रिज के लिए उड़ान भरेंगे।

### अयोध्या में 'राम मंदिर' को बम से उड़ाने की धमकी, प्रशासन में मची अफरा-तफरी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** आयोध्या में राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार राम जन्मभूमि ट्रस्ट के मेल पर धमकीभरा मेल आया था, जिसमें लिखा था मंदिर की सुरक्षा बढ़ा लो, अगर ऐसा नहीं होगा तो राम मंदिर को बम से उड़ा दिया जाएगा। इस धमकी भरे मेल के पहुंचने के बाद व्यापक सर्च ऑपरेशन भी चलाया गया। अयोध्या के साथ साथ बाराबंकी और अन्य पड़ोसी जिलों में भी सतर्कता बढ़ाई गई। इस मामले में राम जन्मभूमि ट्रस्ट कार्यालय के अकाउंट ऑफिसर महेश कुमार ने मुकदमा दर्ज करवाया है। अयोध्या के साथ-साथ बाराबंकी चंदौली समेत कई अन्य जिलों के जिलाधिकारियों को भी धमकी भरा मेल आया है।

## सत्येंद्र जैन मानहानि मामला: दिल्ली कोर्ट से बांसुरी स्वराज को मिला चार हफ्ते का समय




**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की ओर से दायर आपराधिक मानहानि याचिका खारिज करने के मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका का जवाब देने के लिए बांसुरी स्वराज को चार हफ्ते का समय दे दिया है. स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 14 मई को करने का आदेश दिया।

आज सुनवाई के दौरान बांसुरी स्वराज की ओर से पेश वकील ने जवाब देने के लिए समय देने की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया. सेशंस कोर्ट ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 7 मार्च को नोटिस जारी किया था. 20 फरवरी को एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने सत्येंद्र जैन की याचिका खारिज करने का आदेश दिया था. मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई के दौरान बांसुरी स्वराज ने अपने जवाब में सत्येंद्र जैन की याचिका को राजनीति से प्रेरित बताया था. सुनवाई के दौरान बांसुरी स्वराज की ओर से पेश वकील ने कहा था कि जैन की ओर से लगाए गए आरोप दिल्ली में विधानसभा चुनाव की वजह से लगाए गए हैं।

## तेजस्वी बोल: अमित शाह नीतीश को सीएम फेस नहीं बताते

### दिल्ली में राहुल-खड़गे के साथ 45 मिनट मीटिंग



**पटना,एजेंसी।** दिल्ली में आज यानी मंगलवार को बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर आरजेडी और कांग्रेस की मीटिंग हुई। यह मीटिंग लगभग 45 मिनट चली। बैठक के बाद खड़गे आवास के बाहर मीडिया से बात करते हुए तेजस्वी ने कहा कि, जो भी चीजें हैं, मिलकर बैठकर तय हो जाएंगी।

सीएम फेस के सवाल पर उन्होंने कहा- बातचीत से सब फाइनल होगा। आपलोग चिंता न करें। कितने सीट पर कौन चुनाव लड़ेगा इस सवाल पर तेजस्वी यादव ने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि इस बार बिहार में हमारी सरकार बनेगी यह तय है। बैठक में राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहें।

वहीं राजद की ओर से तेजस्वी यादव के साथ-साथ राजद सांसद मनोज झा, और संजय यादव भी मीटिंग में शामिल हुए। वहीं बिहार कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू मीटिंग में शामिल हुए। प्रदेश प्रभारी बनने के बाद पहली बार अल्लावरू और तेजस्वी की ये पहली मुलाकात रही, वहीं 6 अप्रैल को राजेश राम ने राबड़ी आवास जाकर तेजस्वी से मुलाकात की थी।

## ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में दायर किया पहला आरोपपत्र, सोनिया गांधी और राहुल का नाम



**नईदिल्ली,एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में अपना पहला आरोपपत्र दायर किया है। इसमें कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी का भी नाम शामिल है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के तहत कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा, सुमन दुबे और अन्य नाम भी शामिल किए गए हैं। कोर्ट ने मामले पर सुनवाई के लिए 25 अप्रैल की तारीख तय की है। 2013 में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने एक याचिका दायर कर राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर नेशनल हेराल्ड अखबार चलाने वाली कंपनी एजेएल के अधिग्रहण में धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। उनका आरोप था कि यंग इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) के जरिए इसका गलत तरीके से अधिग्रहण किया गया और इससे कांग्रेस नेताओं ने 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति हथिया ली। सोनिया और राहुल के पास वाईआईएल में 38-38 प्रतिशत शेयर हैं। मामले में सोनिया-राहुल से पूछताछ भी हुई है।

### भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रर्त्यपण की तैयारी, भारत लाने के लिए सीबीआई-ईडी भेजेगी टीम

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के आरोपी और भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। इस गिरफ्तारी के बाद उसे भारत लाने की कवायद तेज हो गई है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) और प्रवर्तन निदेशालय (ED) की एक संयुक्त टीम जल्द ही प्रत्यर्पण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए बेल्जियम रवाना होगी। चोकसी की गिरफ्तारी के बाद CBI और ED के शीर्ष अधिकारियों ने बैठकें कीं और आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। योजना के तहत, दोनों जांच एजेंसियों के दो से तीन अधिकारियों की एक संयुक्त टीम अपने कानूनी सलाहकारों के साथ बेल्जियम जाएगी। यह टीम प्रत्यर्पण के लिए जरूरी दस्तावेज तैयार करेगी और स्थानीय सरकार के साथ समन्वय स्थापित करेगी ताकि चोकसी को जल्द से जल्द भारत लाया जा सके।

## हेमंत सोरेन चुने गए झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष, 13वें महाधिवेशन में सर्वसम्मति से लिया गया फैसला



**रांची,एजेंसी।** झामुमो के 13वें महाधिवेशन में सीएम हेमंत सोरेन को पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। 38 वर्षों तक पार्टी के संस्थापक और दिग्गज नेता शिबू सोरेन के अध्यक्ष रहने के बाद अब ये जिम्मेदारी उनके बेटे हेमंत सोरेन को मिली है। 15 अप्रैल 2025 को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया. झामुमो के 13वें महाधिवेशन में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया. इससे पहले जेएमएम के 13 वें महाधिवेशन में केन्द्रीय समिति सदस्यों की जिलावार घोषणा की गई. केन्द्रीय समिति सदस्य में कुल 284 सदस्य हैं। इसकी घोषणा पार्टी के केन्द्रीय महासचिव विनोद पांडे ने की. केन्द्रीय समिति सदस्य में पार्टी के विधायक, पूर्व विधायक, सांसद भी शामिल हैं। नलिन सोरेन ने शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षण का प्रस्ताव रखा. मथुरा महतो ने समर्थन किया. जिसके बाद सर्वसम्मति से इसे पारित किया गया। कार्यक्रम में गुरु जी शिबू सोरेन ने हेमंत सोरेन को पार्टी का केन्द्रीय अध्यक्ष बनाने की घोषणा की. जिसके बाद मंच पर नेताओं ने माला पहनाकर हेमंत सोरेन को बधाई दी।

## दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने निजी स्कूल में फीस अनियमितता की शिकायत पर दिए जांच के आदेश



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मॉडल टाउन स्थित एक निजी स्कूल में अभिभावकों द्वारा फीस वसूली में अनियमितता और बच्चों को स्कूल से निकाले जाने की शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लिया है। सीएम ने इस मामले में तत्काल जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सीएम रेखा गुप्ता ने साफ किया है कि शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, समानता और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता अटूट है और किसी भी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सीएम रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो के कैप्शन में सीएम ने कहा, आज (मंगलवार को) जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान क्वीन मैरी स्कूल, मॉडल टाउन से संबंधित एक मामला सामने आया, जिसमें बच्चों के परिजनों ने गलत तरीके से फीस वसूली और बच्चों को स्कूल से निकाले जाने की शिकायत दर्ज की। इस विषय पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच कर कड़ी और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, समान अवसर और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार का अन्याय, शोषण या अनियमितता को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है, इसमें कोई ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। हमारा संकल्प स्पष्ट है, हर बच्चे को न्याय, सम्मान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। सीएम के द्वारा जारी वीडियो में एक छात्रा के पिता कह रहे हैं कि गैर कानूनी फीस न भरने के कारण हमारी बच्ची को स्कूल में बंधक बना कर रखा गया। बच्ची ने इसकी शिकायत हमसे की। इसके बाद हम स्कूल प्रशासन के पास गए और इस मामले की शिकायत की। उनका रवैया नहीं बदला।

## जिस अस्पताल से बच्चा चोरी हो उसका लाइसेंस सस्पेंड किया जाए : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने आज बाल तस्करी के मामलों से निपटने के तरीके को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई और ऐसे अपराधों को रोकने के लिए राज्यों को पालन करने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी नवजात बच्चे को हॉस्पिटल से चुराया जाता है तो सबसे पहले उस अस्पताल का लाइसेंस सस्पेंड होना चाहिए। कोर्ट ने यह टिप्पणी दिल्ली- एनसीआर में नवजात बच्चों की तस्करी के गैंग के पर्दाफाश से जुड़ी खबर पर संज्ञान लेते हुए की। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने सख्त निर्देश देते हुए निचली अदालतों को बाल तस्करी के मामलों की सुनवाई 6 महीने में पूरी करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली गैंग के पर्दाफाश की घटना अपने आप मे हतप्रभ कर देने वाली है और कोर्ट के दखल की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मामले में भारतीय इंस्टीट्यूट की तरफ दिए गए सुझावों को अपने फैसले में जगह दी है और सभी राज्य सरकारों कहा है कि उसे पढ़ कर अमल करें।

## मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन प्रारंभ करने की सैद्धांतिक स्वीकृति

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

### गांधी चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय में नवीन पदों की स्वीकृति



**भोपाल,एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के किसानों के समन्वित विकास के लिए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु पालन एवं डेयरी विभाग, सहकारिता विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग में प्रचलित योजनाओं को एक मंच पर लाकर मध्यप्रदेश किसान कल्याण मिशन को प्रारंभ करने की सैद्धांतिक अनुमति दी गयी। मध्यप्रदेश ने कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। कृषि उत्पादकता (किलोग्राम प्रति हेक्टेयर) वर्ष 2002-2003 में 1195 था जो वर्ष 2024 में 2393 हो गया। यह वृद्धि 200 प्रतिशत हो गयी है। फसल उत्पादन (लाख मीट्रिक टन) वर्ष 2002-2003 में 224 एवं वर्ष 2024 में 723 होकर 323 प्रतिशत हो गयी है। कृषि विकास दर (प्रतिशत में) 2002-2003 में 3 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 9.8 प्रतिशत हो गयी। 327 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कृषि क्षेत्र का बजट (करोड़ रूपये) वर्ष 2002-2003 में 600 करोड़ एवं वर्ष 2024 में 27050 करोड़ होकर वृद्धि दर 4508 प्रतिशत हुई। मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र का योगदान प्रदेश की जीडीपी में 39 प्रतिशत है।

## खनन माफिया पर सख्त हुए किरावली थाना प्रभारी के तेवर

### रात्रि में दबोचा गया एक डंपर, अन्य वाहन लेकर फरार हुए माफिया

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र की मिढ़ाकुर पुलिस चौकी अंतर्गत सक्रिय खनन माफियाओं के खिलाफ किरावली थाना पुलिस ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। सोमवार देर रात थाना प्रभारी केवल सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से मिट्टी से भरे एक डंपर (UP 80 DT 6094) को पकड़ लिया। वहीं अन्य डंपर व जेसीबी लेकर माफिया अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते शनिवार की रात दक्षिणी बाईपास स्थित रायभा टोल से लगभग 500 मीटर आगे महुअर की ओर , हाईवे किनारे एक चाय की दुकान के पास खाली पड़ी जमीन पर मिट्टी का अवैध भराव बिना अनुमति चल रहा था। उसी में मिट्टी गिराने के लिए एक डंपर को बैक करते समय पीछे से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई थी। इस घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। मौके पर पुलिस मौजूद होने के बावजूद माफिया वाहन लेकर भाग निकले थे, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे थे। इसके बाद से थाना पुलिस ने खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है।थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह ने बताया कि पकड़े गए डंपर की जानकारी खनन विभाग को भेज दी गई है और संबंधित धाराओं में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**खनन पर लगाम लगाना थाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती**

मिढ़ाकुर चौकी क्षेत्र में अवैध खनन लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। कथित रूप से पुलिस पर रात्रि के हिसाब से चार हजार रुपये लेकर खनन की अनुमति देने की चर्चाओं ने भी जोर पकड़ा है। इसके बावजूद समय-समय पर वायरल हुए वीडियो और हाल ही में मिट्टी ले जा रहे डंपर की ट्रक से टक्कर जैसी घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं। ऐसे में अब पुलिस के सामने न केवल अवैध खनन पर अंकुश लगाने की चुनौती है, बल्कि खनन माफियाओं पर प्रभावी कार्रवाई कर जनता का विश्वास जीतने की भी जिम्मेदारी है। देखना यह होगा कि पुलिस इस दिशा में कितनी प्रभावी कार्रवाई करती है, या फिर यह मामला भी सिर्फ औपचारिकताओं तक सीमित रह जाएगा।

## फतेहपुर सीकरी धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती



**फतेहपुर सीकरी।** ग्राम पंचायत सीकरी चार हिस्सा में अंबेडकर पार्क से संविधान शिल्पी डॉ भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा नगर परिक्रमा मार्ग से अंबेडकर पार्क तक निकाली गई। शोभा यात्रा में सभी जाति धर्म के लोगों ने संविधान निर्माता की जयंती में बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्राम पंचायत सीकरी चार हिस्सा में विगत वर्षों की भांति शोभा यात्रा का शुभारंभ आयोजकों द्वारा बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया लगभग 11 झांकियां शोभायात्रा में निकली जिसमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सहित पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम, लोदी वंश में पैदा वीरांगना अवंती बाई लोधी, चक्रवर्ती सम्राट अशोक, शहीद भगत सिंह अहिल्याबाई होलकर सहित अनेक महापुरुषों के चित्रों के द्वारा शोभायात्रा में आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा दी गई। शोभायात्रा के दौरान सभी जाति धर्म मजहब के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा सौहार्द की मिशाल कायम की, शोभा यात्रा के दौरान मेवाती मोहल्ला बघेल, बस्ती ब्राह्मण बस्ती,उचिया पड़ा, खिड़की पड़ा जगह संभ्रांत नागरिकों तथा आयोजकों का जलपान करते हुए स्वागत किया। कार्यक्रम की समापन के अवसर पर बौद्ध मठ महात्मा गौतम बुद्ध के अनुयाई पूज्य संत बनते लोकपाल नाग ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया उन्होंने कहा दुनिया में सबसे बड़ा धर्म मानवता है बाबा साहब ने कहा था कि मानव की कोई जाति नहीं होती धार्मिक भेदभाव धार्मिक जाति भेदभाव मानव के लिए कलंक है पांच शिक्षाओं का अनुसरण करने को कहा चोरी, ग्रह कलेश, व्याहवचार ,झूठ छल कपट, नशा से दूर रहे। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा महात्मा बुद्ध के बताइए रास्ते पर चलने का आह्वान किया तथा युवाओं से भी कहा हाथों में जाति की प्लेट, बाइक गाड़ियों पर जाती लिखकर भेदभाव को बढ़ा रहे हैं सबसे बड़ी जाति मानवता ही है। जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत सीकरी चार हिस्सा के पूर्व प्रधान महावीर सिंह वर्मा द्वारा संचालन किया गया, दीपचंद मौर्य, अशोक ठेकेदार मनोज मौर्य अमित उर्फ भोलू द्वारा आने वाले अतिथि अमित चौधरी ज्ञानेंद्र फौजदार धर्मेंद्र धाकड़ जयदीप गोला ठाकुर वीर सिंह सेंगर, राजकुमार शर्मा भीम आर्मी के रिंकू सेठ सिद्धार्थ गौतम मिथुन लोधी सहित आने वाले अतिथियों का साफा बांधकर स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजन में अंकित निगम यशपाल राजकुमार, कल्लू,अचल सिंह राशन डीलर, श्यामलाल, अंशिका मौर्य, भूकारिया जाटव, रामप्रसाद निगम, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## काली नदी में डूबने से किसान और अग्निवीर की मौत

### - कलश विसर्जन के दौरान डूब रहे किसान को बचाने नदी में कूदा था अग्निवीर
### - मामा जितेंद्र को बचा नहीं पाया अंशुल, खुद ही डूबकर जान गबां बैठा



**मैनपुरी/बेवर।** थाना क्षेत्र में फर्रुखाबाद रोड स्थित दहेण गांव के पास काली नदी में श्रीमद् भागवत कथा का कलश विसर्जन करने आए किसान और भारतीय सेना के अग्निवीर जवान की डूबने से मौत हो गई। गांव के तैराकों ने दोनों के शवों को नदी से निकाला। घटना के बाद से दोनो के परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। दोनो के घरो में कोहराम मचा हुआ है। थाना एलाऊ क्षेत्र के गांव माझगांव निवासी बंशीलाल के यहां श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हुआ था। सोमवार को कथा समापन के बाद मंगलवार को परिजन बड़ी संख्या में बेवर थाना क्षेत्र में फर्रुखाबाद रोड स्थित काली नदी पर कलश विसर्जन करने गए थे। कलश को लेकर नदी में उतरे किसान 45 बर्षीय जितेंद्र कुमार निवासी माझगांव गहरे गड्ढे में समा गए। जिससे वह डूबने लगे। उन्हें बचाने के लिए अग्निवीर जवान 21 बर्षीय अंशुल यादव निवासी नगला मोहन थाना जैथरा जिला एटा जो कि रिश्ते में जितेंद्र का भांजा लगता था, वह भी जितेंद्र को बचाने के लिए नदी में कूद गया। जितेंद्र को तो वह बचा नहीं सका और खुद भी पानी में डूब गया। इसे देखकर साथ गए अन्य लोगों ने बचाव बचाव की पुकार लगाई।

**कड़ी मशक्कत के बाद दोनो को बाहर निकाला**

दहेण गांव के कई तैराक मौके पर पहुंचे और नदी में कूदकर करीब आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जितेंद्र और अंशुल को बाहर निकालकर लाए। इधर, सूचना पर थाना बेवर और फर्रुखाबाद की पुलिस भी पहुंच गई। जितेंद्र और अंशुल को फर्रुखाबाद स्थित एक अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद बेवर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**जम्मू कश्मीर में तैनात था अग्निवीर अंशुल**

वर्ष 2023 में अग्निवीर के तहत सेना में भर्ती हुआ जवान अंशुल वर्तमान में जम्मू कश्मीर में तैनात था। पांच दिन पहले ही वहां से छुट्टी लेकर घर आया हुआ था। अंशुल अविवाहित था। अंशुल के पिता जगतपाल सिंह जो कि यूपी पुलिस में एसआई हैं। परिवार में अंशुल के अलावा दो भाई और हैं। घटना से पूरे परिवार में मातम छा गया। परिजन सूचना पाकर एटा से दोपहर बाद मैनपुरी आ गए।

**सेहरा सजने से पहले अर्थी सज गई**

अग्निवीर अंशुल के परिवार वाले उसकी शादी के लिए रिश्ता की तलाश रहे थे। मगर, सेहरा सजने से पहले उसकी इस घटना के कारण अर्थी सज गई। गांव और परिवार का हर व्यक्ति इस घटना के बारे में जानने के बाद यही बोला कि अंशुल ने एक सैनिक होने का फर्ज अदा किया। वह एक जान को बचाने की खातिर अपनी जान कुर्बान कर बैठा।

**जितेंद्र पर तीन बच्चों की थी जिम्मेदारी**

मृतक किसान जितेंद्र के परिवार में दो बेटे और एक बेटी के अलावा पत्नी सुनीता है। सुनीता ने बताया कि एक भी बच्चे की अभी शादी नहीं हुई है। जितेंद्र के दो भाई पुलिस में हैं। कानपुर में बतौर एसआई तैनात भाई यतेंद्र सिंह भी मौके पर आ गए। उन्होंने पुलिस कार्रवाई करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जितेंद्र के पिता बंशीलाल ने ही गांव में भागवत कथा कराई थी।

**अवैध खनन करके खोदे गए गड्ढों में समा गए दोनो**

दहेण गांव के लोगों ने इस घटना पर रोष भी जाहिर किया। उनका कहना है कि काली नदी में जमकर अवैध खनन होता है। प्रशासन और पुलिस इस पर मौन रहता है। नीचे से ऊपर तक सभी का पैसा तय होता है। इसके चलते खनन करने वालों को रोका नहीं जाता। खनन करने वाले नदी में पानी कम होते ही अपना काम शुरू कर देते हैं। इसके चलते नदी में गहरे गड्ढे हो जाते हैं, जिनमें घुसने से लोगों की डूबने मौत हो जाती है।

**क्या बोले सीओ भोगांव**

काली नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई है। उनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एलाऊ थाना क्षेत्र के गांव माझगांव के लोग श्रीमद् भागवत कथा के कलश का विसर्जन करने नदी पर आए हुए थे, कलश विसर्जन के दौरान यह घटना हुई।- सत्यप्रकाश शर्मा, सीओ भोगांव।

## एक बेगनार चालक बाइक सवार दो युवकों को कुचला

**किरावली।** आगरा फतेहपुर सीकरी मार्ग महुअर नाले समीप वैगनार चालक ने बाइक सवारों को कुचल दिया। घटना के बाद कार चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गम्भीर रूप से घायल सड़क पर पड़े युवकों को इलाज के लिए आगरा भेजा। जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पीड़ित की तहरीर पर लापरवाह चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना किरावली के ग्राम चैकोरा निवासी धर्मेंद्र सिंह पुत्र ओमप्रकाश आगरा से बाइक के माध्यम से अपने गांव लौट रहा था। बताया गया है कि महुअर नाले समीप वैगनआर कार संख्या यूपी 80 जी एस 57099 ने बाइक सवार को टक्कर मार दी तथा मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गम्भीर रूप से जख्मी दो युवकों को इलाज के लिए आगरा इमरजेंसी में दाखिल कराया है। थाना अध्यक्ष केबल सिंह ने बताया कि गम्भीर रूप से जख्मी धर्मेंद्र सिंह का पैर कार चालक ने कुचल दिया था जिसे आपरेशन के दौरान काट दिया गया है बाइक पर सवार कालू पुत्र पीतम सिंह निवासी चैकोरा की हालत काफी गंभीर बनी हुई।

## भीमराव आंबेडकर के जीवन से हमे सीख लेनी चाहिएः आशीष तिवारी

### रामलीला मैदान मे आंबेडकर जयंती पर हुआ गोष्ठी का आयोजन




**भोगांव/मैनपुरी।** चेयरमैन प्रतिनिधि आशीष तिवारी ने कहा है कि महान व्यक्ति जातियो मे पैदा नही होते है बाबा साहब भीमराव आंबेडकर एक ज्ञान है, दर्शन है बाबा साहब ने सविधान का निर्माण करके समाज के दलितो, शोषितो, बचिंतो का जीवन स्तर उठाने के लिये सविंधान मे जो व्यवस्था की है वह अतुलनीय है। चेयरमैन प्रतिनिधि आशीष तिवारी सोमवार की देर सांय नगर के रामलीला मैदान में आयोजित बाबा भीमराव आंबेडकर जंयती पर आयोजित गोष्ठी को मुख्य अतिथि के रूप मे सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि डा0 भीमराव आंबेडकर सिर्फ सविधान निर्माता ही नही थे बल्कि बे एक समाजसुधारक और प्रेरणा दायक और अर्थशास्त्री व्यक्ति थें उनके द्वारा उधोगीकरण एंव कृषि बिकास मे भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत हुई थी। बाबा साहब ने छुआछूत प्रथा को खत्म कर समाज के शोषित बाछित लोगो को उनका हक दिलाने का काम किया था। उन्होने कहा कि भीमराव आंबेडकर को सच्ची श्रद्धाजलि तभी होगी जब हम लोग उनके बताये हुये रास्ता पर चले। समाजसेवी शिक्षक डा0 अयाज मन्सूरी ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब का अधूरा सपना देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरा करेंगे। उन्होने कहा कि बाबा साहब संविधान निर्माता एंव सामाजिक न्याय के पैरोकार थे उन्होने समाज मे छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होने आजादी के सघंर्ष को नया सपना दिया था बह एक ऐसे नेता के रूप मे उभरे थे जो खुद एक दलितो के बीच से उभरा था। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक आनन्द प्रताप सिंह, सुरेश भारती, करोडीलाल वर्मा, सुघर सिंह कठेरिया, कवि वदन सिंह मस्ताना, इमरान जावेद, रामप्रसाद बाल्मीकि, गोपालदास लोधी, धर्मसिंह, सुशील उर्फ पीके, आशाराम, महेन्द्र सिंह, विकास भारती आदि लोग मौजूद थे।

## जिटोरा में दो पक्षों बीच संघर्ष दो जख्मी, पांच नामजद

**किरावली।** नशेबाज भाई समझा रहे पर पड़ोसियों ने हिंसक हमला बोला दिया। दोनों तरफ से जमकर लाठी डंडे चले जिसमें दो लोग जख्मी हुए थे। पीड़ित तहरीर पर एक ही परिवार के पांच लोगों खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक तहसील किरावली के अन्तर्गत ग्राम जिटोरा निवासी मनोज पुत्र बालकिशन, अपने नशे बाज भाई को समझा रहा था उसी दौरान पड़ोस के लोग उनके घर आ धमके मामली कहा सुनी के बीच शुरू हुए विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों की ओर से पथराव किया। संघर्ष के दौरान मनोज, बालकिशन सहित दो लोग जख्मी हो गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर हमलवर दिगपाल सिंह विश्भमरी देवी, उपेन्द्र सिंह, उमादेवी, उर्मिला देवी, सहित महिला और पुरुषों के पांच सहित मुकदमा दर्ज किया पुलिस मामले की जांच मे जुटी है।

## एसपी ऑफिस के सामने होमगार्ड ने किया आत्मदाह का प्रयास

### होमगार्ड ने पुत्र को छुड़ाने की लगाई थी पुलिस से गुहार, चोरी की बाइक सहित कन्नौज पुलिस ने पकड़ा था पुत्र




**मैनपुरी।** जनपद कन्नौज के सौरिख थाना पुलिस द्वारा चोरी की बाइक के साथ होमगार्ड के पुत्र को गिरफ्तार कर लेने के बाद स्थानीय पुलिस से पुत्र को छुड़ाने के लिए कहा जब बात नहीं बनीं तो होमगार्ड ने सोमवार सुबह एसपी ऑफिस के सामने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की। यह देखकर वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसके हाथ से बोतल और माचिस छीन ली। इसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया है।

एलाऊ थाना क्षेत्र के गांव नगला बरी निवासी होमगार्ड अजयपाल ने कुछ समय पहले एक पुरानी बाइक ली थी। उनका बेटा वही बाइक लेकर कन्नौज गया हुआ था। वहां सोमवार की सुबह सौरिख थाना पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बाइक जांच में चोरी की निकली। पुलिस ने होमगार्ड के पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी होने के बाद होमगार्ड ने थाना पुलिस से पुत्र को छुड़ाने की गुहार लगाई। जब बात नहीं बनीं इसके बाद सोमवार की सुबह वह एसपी ऑफिस के सामने पहुंच गया और वहां खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की। तभी वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। सूचना मिलने के बाद थाना एलाऊ पुलिस मौके पर पहुंची और होमगार्ड को जिला अस्पताल ले गई। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद होमगार्ड को अपने साथ ले गई।

**शराब के नशे में था होमगार्ड**

आत्मदाह का प्रयास करने वाले होमगार्ड को पुलिस ने बचा लिया, उसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर हुए मेडीकल परीक्षण में सामने आया कि होमगार्ड शराब के नशे में था, शराब के नशे में ही उसने यह कदम उठाया है।

## तन मन को स्वस्थ्य रखने के लिए योग बहुत जरुरी

### सेन्ट मेरीज़ स्कूल में त्रिदिवसीय योग शिविर का अयोजन



**मैनपुरी।** शहर के आश्रम रोड स्थित सेन्ट मेरीज़ स्कूल तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। सदुरू गुरूकुलम् ईशा योगा संस्थान कोयंबटूर तमिलनाडु से आचार्य अंशुल खड़- खड़ तथा धन्या तथा नंदिनी अग्रवाल ने विद्यालय में योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण को दो भागों में बांटा गया। पहले कक्षा नौ से बारह तथा छ से आठ छात्र-छात्राएं योगाभ्यास हेतु अपने-अपने सदनों की टी-शर्ट और लोअर के परिधान में विद्यालय में उपस्थित हुए। आचार्य अंशुल ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला और प्रथम योग योगा- नमस्कार का वीडियो दिखाते हुए योग की पद्धति को समझाया। योगा नमस्कार आसन का मुख्य उद्देश्य दिमाग की स्थिरता तथा रीढ़ की हड्डी को मजबूत और स्थिर रखना है। सर्वप्रथम अपने पैरों को धरातल पर गड़ाकर नमस्कार की मुद्रा बनाते हुए अपने हाथों को वक्षस्थल से ऊपर की ओर ले जाना तथा शिरोरेखा के पीछे लाना तथा इसी मुद्रा में उकड़ू बैठकर आगे बढ़ाना पुनः घुटने के बल बैठकर धरा को नमन करने की मुद्रा। छात्र-छात्राओं ने वीडियो देख कर पुनर्भ्यास किया। बालासन कराते हुए साबधान की मुद्रा में दोनों हाथों को जोड़कर आगे से पीछे की ओर ने जाना तथा गहरी सांस छोड़ना तथा पुनः पंजे के बल बैठकर हाथों को ऊपर ले जाकर दीर्घ निश्वास छोड़ना। पहले कक्षा नौ से बारह तक छात्रों ने योगभ्यास किया तथा बाद में कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या मनोरमा ने अतिथियों का स्वागत कर छात्र-छात्राओं को बताया कि आज पूरा विश्व योग को अपना रहा है अतः तन-मन को स्वस्थ रखने के लिए योग को बहुतायत अपनाना अनिवार्य है। इस अवसर पर प्रबंधक दीपक दास, सहायक निदेशक कुशाग्र दास तथा सम्पूर्ण विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## डॉ. आंबेडकर केवल व्यक्ति नहीं, एक विचार हैंः सतेंद्र यादव

### राजनैतिक दलों सहित विद्यालय आदि जगह पर मनाई आंबेडकर जयंती



**कुसमरा/मैनपुरी।** नगर सहित क्षेत्र में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। समाजसेवियों, राजनीतिक दलों के अलावा निजी स्कूलों में बाबा साहेब का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के चौ0 बीरेंद्र सिंह स्मारक इंटर कालेज नगला अहिर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज प्रबन्धक सतेंद्र यादव ने कहा डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, संविधान निर्माण में योगदान और सामाजिक न्याय के लिए किए गए कार्यों को दर्शाया गया। डॉ. अंबेडकर केवल व्यक्ति नहीं, एक विचार है आज कालेज में बच्चों ने अम्बेडकर जी के चरित्र पर जो कार्यक्रम पस्तुत किए उसके लिए में उन्हें बधाई देता हूँ। इस अवसर पर अनुराग कुमार, विश्वनाथ सिंह, उपासना, मोहिनी पाल, प्रिया, प्रशांत यादव सहित दर्जनों अभिभावक उपस्थित थे। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने ज्ञान श्री गेस्ट हाउस में अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर जिपं सदस्य अमित कठेरिया, विकास गुप्ता, उपदेश यादव आदि पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अम्बेडकर पार्क खददरा मे जयंती पर केक काटकर व हुसैनपुर प्रधान अजब सिह ने नगर व आस पास के गांव मे शोभा यात्रा निकाली। इस अवसर चेयरमैन प्रतिनिधि विनयप्रताप सिह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनोद चतुर्वेदी, राजकुमार शाक्य प्रधान, डॉ. रामौतार सिंह, प्राजुल शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## आंबेडकर शोभायात्रा पर फूलों की वारिश, शोभायात्रा निकालकर मनाई आंबेडकर जयंती

**आलीपुर खेड़ा/मैनपुरी।** कस्बा में बाबा साहब भारत रत्न डॉ. भीम राव आंबेडकर की 134बीं जयन्ती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभरम्भ पूर्व मंत्री व विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने फीता काटकर व बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। शोभायात्रा अम्बेडकर पार्क आलीपुर पट्टी से शुरू होकर नगला खंदारी, आलीपुर खेड़ा, मोटा रोड़, लोक कल्याण आश्रम, गढ़िया चौराहा होते हुए मानिकपुर अम्बेडकर पार्क पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में भीम राव अम्बेडकर की झाँकी, गौतम बुद्ध, रमाबाई, ज्योत्वाराव की झांकी के साथ ढोल, डीजे, बैंड के साथ युवा नारे लगा रहे थे जब तक सूरज चाँद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा। शोभायात्रा का जगह जगह स्टॉल लगाकर सर्बत, पानी, पूड़ी आदि से स्वागत किया। इस मौके पर महाराज सिंह लोधी, उदराज सिंह, अभिलाख सिंह, अवनीश लोधी, सतेंद्र लोधी, नीलू मास्टर, प्ररमेश कुमारी, नीतू सिंह, पवन कुमार, अमरदीप, अमन दीप, सौरभ, बलराम, लालू, मोनू, शमशेर सिंह, शिववीर, छोटू, कुलदीप, नवलेश कुमार, विद्याराम आदि मौजूद रहे।



## बाबा साहब ने गरीब, शोषितों को न्याय दिलाने का काम किया, - रोशिंगपुर और छत्तरपुर में रात को मनाई गई आंबेडकर जयंती

**कुरावली/मैनपुरी।** क्षेत्र के गांव रोशिंगपुर और छत्तरपुर में संविधान रचयिता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई, कार्यक्रम में पहुंचे अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के प्रदेश विधि सलाहकार एड. धीरेंद्र राजपूत के नेतृत्व में सोमवार की देर शांय दोनो ही गांव में आंबेडकर प्रतिमा पर लोगो द्वारा माल्यार्पण किया गया, जिसके बाद केक काटकर बाबा साहब की जयंती मनाई गई। बाबा साहब की जयंती मनाने के दौरान एड. धीरेंद्र राजपूत ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर उस काल में पैदा हुए, जिस काल में गरीबी, अशिक्षा, छुआ- छूत, पिछड़ापन चरम पर था, गरीबी से उठकर लंदन, अमेरिका में पढ़ाई कर 04 विषयों में पीएचडी की, भारत रत्न की उपाधि मिली, बाबा साहब एक नाम नहीं बल्कि विचार है, बाबा साहब ने गरीबों, पीड़ितों, शोषितों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया, उन्होने कहा कि बाबा साहब के बने हुए लोकतंत्र से ही देश आगे बढ़ा है और इसी संविधान के रास्ते पर चलकर हमारा देश का विश्व में स्थान है।

**केक काटकर लगाए बाबा साहब के नारे**

प्रदेश विधि सलाहकार एड. धीरेंद्र राजपूत के नेतृत्व में गांव तथा क्षेत्र के लोग आंबेडकर प्रतिमा के पास एकत्र हुए, तत्पश्चात ग्रामीणों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, जिसके बाद रात्रि को केक काटकर बाबा साहब की जयंती को धूमधाम से मनाया।

**कार्यक्रम में यह रहे मौजूद**

गांव रोशिंगपुर और छत्तरपुर में बाबा साहब की जयंती मनाने के दौरान विनय राजपूत, मेघ सिंह राजपूत, देवेन्द्र राही, सुल्तान खान, दानिश, भमरपाल सिंह राजपूत, विपिन दुवे, श्री चंद्र जाटव पूर्व प्रधान, जगपाल कठेरिया पूर्व प्रधान, छत्रपाल सिंह, सुघर सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, भूरे भारद्वाज, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, आलोक कुमार, पवन, चंद्रपाल, नीरज, नेत्रपाल, गोपाल, सुनील, जोगेंद्र सिंह, जगदीश, अमरपाल, डबलू कठेरिया, योगेश शर्मा जयवीर, राजकुमार, चरणदास, महावीर, रजनेश भारद्वाज, सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे।

## रूपये के लेनदेन मे भाईयो को पीटा

**भोगांव/मैनपुरी।** रूपये के लेनदेन को लेकर आरोपियो ने युवक को लाठी डन्डो से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट थाना कोतवाली मे दर्ज कराई गई है। थाना क्षेत्र के ग्राम नाका निवासी अरून कुमार पुत्र मुलायम सिंह का भाई अतुल आलू के पैसे गांव के ही प्रवीन कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र से लेंनें गया था इसी बात को लेकर विवाद होने लगा और दिनेंश पुत्र राजकुमार, सौरभ पुत्र दिनेश, प्रवीन पुत्र सुरेश, अरविन्द, जीतू पुत्रगण सत्यदेव गाली गलौज करने लगे तथा अतुल को धारदार हथियार से हमला बोल दिया, बचाने आये अरून को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# प्राथमिक शिक्षक संघ, ब्लॉक इकाई एत्मादपुर का निर्वाचन हुआ सम्पन्न

**परमवीर सिंह अध्यक्ष, अमृतपाल ब्लॉक मंत्री, सीता वर्मा कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश गौतम, उपाध्यक्ष पदम सिंह और नरेश चौधरी, महिला उपाध्यक्ष श्वेता उपाध्याय, संगठन मंत्री चेतना सिंह एवं मुकेश गुर्जर और संयुक्त मंत्री राजेश कांत, ब्लॉक आडिटर डॉ अरविन्द यादव, लेखाकार बने त्रिओम शर्मा**

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** मंगलवार को विकास खंड एत्मादपुर की प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई का चुनाव बीआरसी एत्मादपुर परिसर में संपन्न हुआ। परमवीर सिंह अध्यक्ष, अमृतपाल ब्लॉक मंत्री, सीता वर्मा कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश गौतम, उपाध्यक्ष पदम सिंह और नरेश चौधरी, महिला उपाध्यक्ष श्वेता उपाध्याय, संगठन मंत्री चेतना सिंह एवं मुकेश गुर्जर और संयुक्त मंत्री राजेश कांत, ब्लॉक आडिटर डॉ अरविन्द यादव, लेखाकार त्रिओम शर्मा के नाम पर सहमति बनी। अंत में सर्वसम्मति से चुनाव पर्यवेक्षक डॉ जगपाल चौधरी, चुनाव अधिकारी बलवीर सिंह और सह चुनाव अधिकारी डॉ योगेश चाहर ने सभी को निर्वाचित घोषित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव दत्त शर्मा एवं कपी सिंह और संचालन नि जिला मंत्री श्री हरिओम यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मानवेन्द्र सिंह जिला पंचायत सदस्य, वीरेन्द्र प्रधान, जिला संयोजक चौधरी सुरजीत सिंह, बृजेश शुक्ला सह संयोजक, लक्ष्मण सिंह, डॉ सोनवीर चाहर, विजयपाल नरवार, प्रदीप यादव, दिग्म्बर सिंह, मांगीलाल गुर्जर, ऊषा चाहर, कोमल सिंह चौहान, हेमंत, सुग्रीमा, डॉ अनामिका, डॉ यशोधरा, काशीराम नागर, ओपी गौतम, नारायण दत्त उपाध्याय, संतोष बघेल, संदीप सिंह, धर्मवीर सिंह, लक्ष्मी, रेखा, संगीता गौतम, दीप्ति मिश्रा, उमा, देवेन्द्र बघेल, शशि बंगा आदि सैकड़ों गणमान्य शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे। ब्लॉक के चुनाव में शिक्षकों में भारी उत्साह देखने को मिला।

# खंदौली में दलित महिलाओ को कुंआ पूजन से रोका, विरोध पर ईंट फेकने का आरोप

## दूल्हे ने हाथ जोड़े, फिर भी नहीं बनी बात

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** जिले के खंदौली थाना क्षेत्र में एक दलित परिवार में विवाह कार्यक्रम के दौरान लाल मंदिर पर कुंआ पूजन की रस्म के दौरान मंदिर के बाबा ने विरोध किया। दलित महिलाओ का आरोप है कि उन्हें कुंआ पूजन करने से रोका गया। महिलाओ ने जब इसका विरोध किया तो मंदिर के बाबा ने दर्जनों महिलाओ से अभद्रता की। उनसे जातिसूचक गालियां दी गईं और ईंट फेकने की कोशिश की गयी। पूरा मामला रामनगर के धोबी बस्ती का है। राधेश्याम पुत्र तेजवीर माहोर की सोमवार को शादी थी। फिरोजाबाद बरात जानी थी। निकरौसी के दौरान लाल मंदिर पर जब वह कुआं पूजन के लिए पहुंचे तो वहाँ पर मौजूद देवगिरि बाबा ने कुआं पूजन करने का विरोध किया। दूल्हे का आरोप है कि देवगिरि बाबा ने निकरौसी में शामिल महिलाओ को जातिसूचक शब्द कहे और भद्दी-भद्दी गालियां दी। इसके बाद बाबा ईंट मारने की धमकी देने लगा। आरोप है की बाबा ने उस दिन कुछ ज्यादा ही चिलम पी रखी थी। इस मामले को लेकर दलित समाज में भरी।

# अंबेडकर जयंती शोभायात्रा के दौरान युवक की तबीयत बिगड़ी, एसीपी डॉ. सुकन्या शर्मा ने दिखाई तत्परता

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर रविवार सुबह शोभायात्रा के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सदर भट्टी पर यात्रा में शामिल एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। युवक की हालत बिगड़ते देख मौके पर मौजूद एसीपी महिला अपराध, डॉ. सुकन्या शर्मा ने तुरंत मानवता और कर्तव्य का परिचय देते हुए स्थिति को संभाला।एसीपी डॉ. सुकन्या शर्मा ने न केवल युवक को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया, बल्कि तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर उसे जिला अस्पताल भिजवाया। मौके पर मौजूद लोगों ने उनकी संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की सराहना की। उनकी तत्परता से युवक को समय रहते चिकित्सकीय सहायता मिल सकी, जिससे उसकी स्थिति स्थिर बनी हुई है।शोभायात्रा के दौरान एसीपी की यह सक्रियता न केवल पुलिस विभाग की सशक्त और मानवीय छवि को सामने लाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि आपात स्थितियों में पुलिस किस प्रकार आमजन के जीवन की रक्षा में तत्पर रहती है।

# ग्रामीणों के ललकारने पर गोवंश छोड़कर भागे गौतस्कर, चकमा देकर फरार

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** खंदौली ब्लॉक के सामने दिनदहाड़े गोवंश चोरी कर ले जा रहे गोतस्कर ग्रामीणों को देख भाग खड़े हुए। मंगलवार शाम गोतस्कर एक गोवंश को पकड़कर चोरी कर ले जा रहे थे। गोतस्कर ग्रामीणों को देख भाग खड़े हुए। मंगलवार शाम गोतस्कर एक गोवंश को पकड़कर अपने साथ ले जाने की कोशिश कर रहे थे। तभी ग्रामीणों को मामले की जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने गोतस्करों को उन्हें पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह गोवंश को छोड़कर मौके से फरार हो गए। एक युवक ने उनका पीछा किया और उन्हें पकड़ा पूछताछ में उन्होंने बताया कि हम गाय का चारा लेने आये थे। इतने में वहां भीड़ इकट्ठी होते देख गोतस्कर वहाँ से भी फरार हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि गोतस्कर आए दिन आगरा अलीगढ़ रोड के आसपास रहने वाले गोवंश को पकड़कर ले जा रहे हैं।

# सुशासन का प्रभावः शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति ने किया आत्मसमर्पण



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फेसबुक/इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त ने महिला थाने में किया आत्मसमर्पण दिनांक 16.03.2025 को एक पीड़िता द्वारा महिला थाना पर सूचना दी गई कि पीड़िता की सनी पुत्र राधेश्याम से फेसबुक व इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी, उसके बाद उसकी सनी से फोन पर बात होने लगी, सनी ने वादिया को आश्वासन दिया कि वादिया का पति से तलाक होने के बाद वह उससे शादी कर लेगा, शादी का झांसा देकर वादिया के साथ कई बार दुष्कर्म किया और आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना लिए, सनी वादिया को व्हाट्सएप पर वादिया व वादिया के पुत्र को जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस संबंध में पीड़िता की प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 16.03.2025 को महिला थाना पर मुकदमा संख्या 26/25 धारा 69)/351(2) में मामला दर्ज किया गया। उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु महिला थाना पर पुलिस टीम का गठन किया गया, गठित टीम में महिला थाना प्रभारी पूनम रानी महिला उप निरीक्षक रेखा देवी उप निरीक्षक छोटे लाल,कास्टेबल अफजल आदि शामिल थें।गठित टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अभियुक्त के मिलने के सम्भावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी, अभियुक्त सनी पुत्र श्री राधेश्याम निवासी पृथ्वीनाथ चौराहा से दौरेठा फाटक गली नं0 5 शाहगंज, आगरा। द्वारा दिनांक 14.04.2025 को महिला थाना आकर आत्मसमर्पण किया गया, पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# निर्माणाधीन मकान का लिंटर गिराः 7 मजदूर मलबे में दबे, 6 को निकाला गया, एक की मौत

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** आगरा के थाना सदर क्षेत्र के शहीदर नगर में निर्माणाधीन इमारत का लिंटर गिर गया। हादसे में मकान में काम कर रहे सात मजदूर दब गए। चीख पुकार मच गई। रेस्क्यू कर मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला गया। 6 मजदूर सुरक्षित निकल गए। एक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई। आगरा में शहीद नगर में भगत सिंह की मूर्ति के पास गुड्डू नाम के व्यक्ति का मकान बन रहा है। मकान में सात मजदूर काम कर रहे थे। बताया गया है कि मंगलवार को लिंटर डाला जा रहा था। तभी अचानक लिंटर गिर गया। इसमें मजदूर दब गए। चीख पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी आ गई। रेस्कूय कर मजदूरों को बाहर निकाला गया। 6 मजदूर सुरक्षित थे। मुन्ना नाम के मजदूर दब गया। उसे मलबे के नीचे से निकाला गया। उसके गंभीर चोट आई। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

# दुस्साहसः पूर्व मंत्री के नाती ने युवती की कार में मारी टक्करः पहले भी इसी युवती पर कार चढ़ाने के मामले में जा चुका है जेल

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** एमजी रोड पर इनोवा सवार चालक ने जयपुर हाउस के कारोबारी की बेटी की कार में तीन बार साइड से टक्कर मारी। पीड़िता ने भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह के पौत्र दिव्यांश चौधरी पर कार से टक्कर मारने का आरोप लगाया है। घबराई हुई हालत में पीड़िता थाना हरीपर्वत पहुंची और पुलिस को जानकारी दी। दिव्यांश इसी युवती पर जानलेवा हमले के आरोप में जमानत पर छूटा है। पुलिस सीसीटीवी चेक कर रही है। जयपुर हाउस के जूता कारोबारी की बेटी अपने चालक के साथ कार से मेरठ से अपने घर लौट रही थी। घटना रात करीब साढ़े नौ बजे की है। युवती ने बताया कि वह अपने चालक के साथ इनोवा सवार ने उसकी कार को बराबर में आकर तीन बार साइड मारी। आरोप है कि इनोवा में दिव्यांश चौधरी था। घटना के बाद से परिवार ने अपनी जान का खतरा जताया है।

**मुकदमा हुआ दर्ज**

थाना प्रभारी हरीपर्वत प्रशिक्षु आईपीएस अक्षय महाडिक ने बताया कि युवती ने जिस गाड़ी का जिक्र किया है, उसके आधार पर केस दर्ज किया जा रहा है। आरोपी पूर्व में भी इस युवती के मामले में जेल गया था। पुलिस साक्ष्य संकलन के लिए सीसीटीवी फुटेज भी निकाल रही है। युवती को सुरक्षा का आश्वासन दिया गया है।

**क्या था पुराना मामला**

जयपुर हाउस स्थित कारोबारी की बेटी ने 15 अप्रैल 2024 को हत्या के प्रयास का केस लिखाया था। आरोप पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह के पौत्र दिव्यांश पर लगाया गया था। यह मामला खासा सुर्खियों में रहा था। पंजाबी समाज की पंचायत तक हुई थी। जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस कुर्की की कार्रवाई करती, इसके पहले वह समर्पण करके जेल चला गया था। ठीक एक साल बाद उसी तरह की घटना हुई है। दिव्यांश को हाईकोर्ट से जमानत मिली थी।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौतः आग की लपटों से घिरी हुई घर से बाहर निकली, दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** आवास विकास कॉलोनी सेक्टर 4 में विवाहिता संदिग्ध हालात में झुलस गई। वह आग की लपटों से घिरी हुई घर के बाहर भागी। इलाज के लिए ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि बहन को जिंदा जलाया गया है। वहीं, आग की लपटों से घिरी महिला का वीडियो भी आया है। सदर बाजार निवासी प्रियंका की शादी करीब दो साल पहले सेक्टर 4 निवासी आकाश कुमार के साथ हुई थी। वह जूता कारीगर हैं। सोमवार को प्रियंका घर में संदिग्ध हालात में झुलस गई। वह लपटों में घिरी चीखती हुई घर के बाहर भागी। आसपास के लोग उसे बचाने के लिए दौड़े। आग बुझाने की कोशिश की। इस घटना का किसी ने वीडियो भी बना लिया। घटना की जानकारी पर पहुंची थाना जगदीशपुरा की पुलिस ने उसे एसएन अस्पताल में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर दिल्ली रेफर किया गया है। इलाज के लिए ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मायके वालों ने ससुरालीजन पर जलाने का शक जताया है। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पति और ससुरालीजनों पर दहेज में बाइक मांगने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अम्बेडकर जयन्ती पर रालोद ने किया भावपूर्ण स्मरण, सदस्यता अभियान की शुरूआत की, दो दर्जन लोग रालोद से जुड़े

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** संविधान शिल्पी बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी की 134 वीं जन्म जयन्ती रालोद महानगर के तत्वाधान में सिकन्दरा स्थित कार्यालय पर जोर शोर से मनायी गई। महानगर अध्यक्ष पंडित दुर्गेश शुक्ला पूर्व प्रदेश प्रवक्ता कप्तान सिंह चाहर ,प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र बघेल, प्रदेश सचिव डॉक्टर रुपेश चौधरी आदि ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित पार्टीजनों ने पुष्पान्जलि अर्पित की।महानगर अध्यक्ष पंडित दुर्गेश शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न विचार गोष्ठी में रालोद के वरिष्ठ नेता कप्तान सिंह चाहर ने बाबा साहेब को गरीबों, दलितों और शोषितों का रहनुमा बताया। प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र बघेल ने कहा कि बाबा साहेब ने अनेक कष्ट सहकर उच्च शिक्षा प्राप्त की ओर देश के कमजोर वर्ग को शिक्षित बनो-संगठित रहो-संघर्ष करने का आह्वान किया। प्रदेश सचिव डॉ रुपेश चौधरी ने कहा कि देश के गरीबों दलितों को बाबा साहेब ने ही संविधान में अधिकार प्रदत्त किये। रालोद अध्यक्ष व केन्द्रीय मन्त्री श्री जयन्त चौधरी के निर्देश पर आज पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई एवं समाज सेवी सुमित चौधरी के नेतृत्व में सर्वसमाज के दो दर्जन प्रमुख लोगों को रालोद की सदस्यता ग्रहण की, महानगर अध्यक्ष दुर्गेश शुक्ला, वरिष्ठ नेता कप्तान सिंह चाहर व प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र बघेल ने रालोद का पटका पहनाकर व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश मन्त्री सत्यवीर सिंह रावत, ब्रज क्षेत्र महासचिव संजीव शर्मा, गौरव माहौर, राहुल जूरैल, अमन दीप गर्ग, राजेश पाण्डेय, हिमान्शु शर्मा, दिलीप जैन, विशाल कर्दम, धर्मवीर सिंह, प्रमोद दीक्षित आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। रालोद में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से धर्मवीर कुशवाह, राजेश अग्रवाल, हरीश शर्मा, संतोष कुशवाहा, जोगेंद्र सिंह, राकेश सिंह, दिलीप जैन, अंकित जैन, दिनेश नौहवार, मनीष पचेहरा, अतुल जैन, साहब सिंह बघेल, नवीन चौधरी, भूपेंद्र कुशवाहा, रिंकू सिंह, राकेश सिंह, आदि थे।

# मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार ने की मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आयुक्त सभागार में मंडलायुक्त श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में आज मंगलवार को मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की गयी। समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त महोदय द्वारा विकास कार्यों में रैंकिंग अच्छी होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा प्राथमिक विद्यालयों के इंस्पेक्शन नहीं होने के कारण जनपद आगरा में स्कूल निरीक्षण में ई श्रेणी आने पर उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी आगरा को निर्देश दिए की इस पर सतत निगरानी करते हुए ए प्लस श्रेणी में लाया जाए। मध्यान भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में जनपद मथुरा को ई श्रेणी मिलने पर श्रेणी सुधार के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आवास योजना में सभी जनपदों की स्थिति के कारण मंडल की भी रैंकिंग खराब हुई है, जिस पर मांडलिक महोदय द्वारा सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए की मुख्यमंत्री आवास योजना में चिन्हित लाभार्थियों को आवास आवंटित करते हुए उनका निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के अतिरिक्त मंडलायुक्त महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद फिरोजाबाद को डी श्रेणी मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ए श्रेणी में लाना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी की समीक्षा में मंडल के सभी जनपद डी और सी श्रेणी प्राप्त होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी विशेष कार्य योजना बना कर अमल में लाए तथा श्रेणी सुधार सुनिश्चित करे। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनपद फिरोजाबाद को सी श्रेणी तथा अन्य जनपदों को बी श्रेणी मिलने पर सुधार ले जाने हेतु निर्देश दिए कि जिलाधिकारी अपने स्तर से समीक्षा कर श्रेणी में सुधार लाएं। पर्यटन विभाग की समीक्षा में बताया गया कि पर्यटन विभाग के अधीन संचालित योजनाओं में कार्य प्रगति पर है तथा यथाशीघ्र परियोजनाएं पूर्ण कर ली जाएगी। पीएम पोषण योजना में मंडल व जनपद की श्रेणी संतोषजनक न पाए जाने पर मंडलायुक्त महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई और निर्देश दिए गए कि इस योजना में आच्छादित सभी विद्यालयों में पोषण वाटिका संचालित की जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में जनपद फिरोजाबाद को ई श्रेणी, ग्रामीण अंचल में स्टेडियम तथा ओपन जिम स्थापना में जनपद मथुरा को ई श्रेणी प्राप्त होने पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए श्रेणी में सुधार लाएं जाने के निर्देश दिए। अनुसूचित जाति जनजाति छात्रवृत्ति योजना में मंडल के सभी जनपद ए प्लस श्रेणी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना योजना में जनपद मैनपुरी को छोड़कर शेष जनपद ए प्लस, जिला अल्पकालीन सहकारी ऋण योजना में जनपद फिरोजाबाद को छोड़कर शेष सभी जनपदों को ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुई। जिस पर मंडलायुक्त महोदय ने जनपद मैनपुरी और फिरोजाबाद को श्रेणी में सुधार लाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करते हुए श्रेणी में सुधार लाएं जाने के निर्देश दिए। खराब ट्रांसफार्मर के निस्तारण, दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण व शहरी, विद्युत बिल में सुधार हेतु प्राप्त आवेदन के निस्तारण, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना फसल अवशेष प्रबंधन कृषि विभाग के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों को लाभान्वित करने पर, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आदि में ए प्लस श्रेणी प्राप्त होने पर मंडलायुक्त महोदय द्वारा सभी जनपद के जिलाधिकारी को बधाई दी गई। मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त महोदय ने मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन वृहद गौसंरक्षण केन्द्रों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। जिन गौशालाओं का विस्तार हो सकता है, विस्तारीकरण तथा क्षमता वृद्धि हेतु प्रयास करें मंडलायुक्त ने लिंक गोचर भूमि में भी वृद्धि करने पर जोर दिया तथा निर्देशित किया कि गर्मी का मौसम आरम्भ हो गया है गौवंश हेतु शुद्ध पेयजल, छाया तथा पर्याप्त मात्रा में हरे चारे की बुआई की जाए।



बैठक में बताया गया कि जनपद आगरा में 05, मथुरा व फिरोजाबाद में 01-01 गौ संरक्षण केंद्र निर्माणाधीन हैं तथा यमुना एक्सप्रेस वे अथॉरिटी द्वारा आगरा व मथुरा में 01-01 गौसंरक्षण केंद्र हेतु धनराशि जारी कर दी गई है, मंडलायुक्त ने अस्थाई गौ आश्रय स्थल की स्थापना किए जाने तथा किसानों को छुट्टा पशुओं से कोई परेशानी न हो सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में पंचायतीराज विभाग की समीक्षा की गई जन सेवा केन्द्र को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आय बढ़ाने के निर्देश दिए। जीरो पॉवर्टी को लेकर निर्देश दिए कि चिन्हित सभी लक्षित परिवारों के राशन कार्ड बनाए जाएं। पात्र लोगों को पेंशन, राशन कार्ड, मनरेगा कार्ड और आवास योजना जैसी सरकार की सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। पीएम सूर्य घर योजना एवं रूफ टॉप सोलर एनर्जी को लेकर मंडलायुक्त ने धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की, निर्देश दिए कि चारों जिलों में सभी बड़े सरकारी कार्यालयों, संबद्ध कॉलेजों में भी मानकों के अनुसार सोलर एनर्जी प्लांट स्थापित किए जाएं एवं पीएम सूर्यघर में इंस्टॉलेशन एवं आवेदन कराए जाने पर फोकस किया जाए। बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में चारों जिलों में अवशेष पैरामीटर्स पर काम करें, तथा समय समय पर निरीक्षण कराएं, बैठक में बताया गया कि जनपद आगरा में विद्युत विहीन विद्यालय 07, मथुरा में 05, फिरोजाबाद में 02, मैनपुरी में 03 है, संबंधित सीडीओ ने बताया कि सभी हेतु धनराशि जारी कर दी गई है जल्द ही सभी विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित हो जाएंगे, ऑपरेशन कायाकल्प में सभी 19 पैरामीटर्स विशेषकर विद्युत संयोजन और बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कर सभी विद्यालयों को संतृप्त किया जाए। मंडल में जनपद मथुरा में 735,आगरा में 527, फिरोजाबाद में 185, मैनपुरी में 40 विद्यालय फर्नीचर विहीन है,फर्नीचर उपलब्धता में खराब स्थिति पर मंडलायुक्त ने असंतोष व्यक्त किया। सभी सीडीओ व एडी बेसिक द्वारा बताया गया कि शासन से धनराशि की मांग की गई है जल्द राशि उपलब्ध हों जाएगी, मंडलायुक्त ने हर हाल में विद्यालयों को पूर्ण संतृप्त बनाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत जननी सुरक्षा योजना में 48 घंटे अंदर लाभार्थी महिला को योजना का लाभ दिलाये जाने की समीक्षा की गयी।

मथुरा जिले की प्रगति में सुधार लाने तथा भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा, सबसे खराब स्थिति जनपद आगरा में रही कारण पूछे जाने पर एसएन मेडिकल कॉलेज में हुए अधिकांश प्रकरणों में समय से कार्यवाही न करने से प्रकरण लंबित होना बताया गया मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी को एसएन मेडिकल कॉलेज प्रशासन के साथ बैठक कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए तथा नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि किसी किसी को 30-40 बार भुगतान हो गया और वास्तविक पात्र को समय से भुगतान न होने से आमजन में सरकार, प्रशासन के प्रति निराशा आती है। बैठक में आयुष्मान भारत योजना में सीनियर सिटीजन और ऐसे राशन कार्ड धारक जिनके 6 या 6 से अधिक सदस्य हैं, के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं आगरा उपचारित लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाए जाने की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए। कृषि विभाग के अन्तर्गत फॉर्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने को निर्देशित किया, मंडलायुक्त महोदय ने बैठक में पीएम एवं सीएम योजना आवास ग्रामीण की समीक्षा की तथा पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने, बीसी सखी में बैंक क्रेडिट लिंकेज बढ़ाने, दिव्यांग पेंशन का कोई भी प्रकरण लंबित न रखने खाद्य विभाग में उचित दर की जो दुकाने निलम्बित हैं, उनका निस्तारण कर उन्हें बहाल किया जाए तथा जिन जिलों में मॉडल दुकान बन चुकी है, पुरानी दुकानों को वहां शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

# यूनानी अधिकारी पर पीड़ित को ही धमकाने का आरोप, पीड़ित को मुकदमे में फंसाने की धमकी, डीएम से की शिकायत

**मैनपुरी।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने के मामले में पीड़ित को न्याय नहीं मिल पा रहा है। ठगी करने वाले ओम बहादुर और विनोद कुमार की जांच बीते दिनो की गई, जिसमें शिकायतकर्ता ने यूनानी अधिकारी ओर उनके पति को मामले की जानकारी होने के बयान दर्ज कराए थें। जिसको लेकर यूनानी अधिकारी ने नाराजगी जताई और पीड़ित को ऑफिस बुलाकर शिकायतकर्ता को ही धमकाया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने डीएम से की है। बिछवां थाना क्षेत्र के गांव चिर्रा निवासी प्रभाष सिंह पुत्र प्रथम सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को शिकायती पत्र दिया, जिसमें आरोप लगाया कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एण्ड यूनानी ऑफिस के कर्मचारी रंजीत कुमार ने फोन करके जानकारी दी कि उसे यूनानी अधिकारी बुला रहीं है। प्रभाष सिंह 11 अप्रैल को यूनानी अधिकारी के कार्यालय पहुंचा तो क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एण्ड यूनानी अधिकारी डॉ. सरिता सिंह ने उसे धमकाया। और जांच में अपना और पति का नाम लिखने पर उसे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली। जिसके बाद से ही पीड़ित प्रथम सिंह को डर सता रहा है।

## संपादकीय

# आप हमारे अपने

नक्सलियों से गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आप हमारे अपने हैं। हथियार डाल कर मुख्यधारा में शामिल हों। जब कोई नक्सली मारा जाता है, तो कोई भी खुश नहीं होता। दंतेवाड़ा में बस्तर पंडुम महोत्सव में समापन समारोह में शाह ने कहा कि मार्च, 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। नक्सलमुक्त घोषित गांवों को एक करोड़ रुपये की विकास निधि देने तथा नक्सलियों की सुरक्षा और पुनर्वास की व्यवस्था सरकार द्वारा सुनिश्चित करने की बात भी उन्होंने की। शाह के बस्तर प्रवास के दरम्यान छत्तीसगढ़ के 86 नक्सलियों ने हैदराबाद में सामूहिक समर्पण किया जिनमें बीस नक्सल महिलाएं भी शामिल हैं। पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से 1967 में शुरू किसानों के विद्रोह को नक्सलवाद कहा गया। इसमें शामिल लोगों को नक्सलवादी या नक्सल कहा जाने लगा। इन्हें मुख्यतया वामपंथी आंदोलनों से जोड़ा जाता है जो माओवादी राजनीतिक विचारधारा का पालन करते हैं। सरकार के अनुसार देश में नक्सल प्रभावित जिले सत्रह से घट कर छह रह गए हैं। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, झारखंड और ओडिशा में इनकी जड़ें फैली हुई हैं। बिहार के विभिन्न जिलों को नक्सलमुक्त घोषित किए जाने के बावजूद अभी भी दस जिलों में इनका प्रभाव है। सरकार के प्रति नाराजगी और बुनियादी जरूरियात की मांग को लेकर ये उग्र प्रदर्शन करते रहे हैं। पिछले दिनों नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने पर्चा जारी करके सरकार से युद्धविराम की मांग की। नक्सल प्रभावित इलाकों के नौजवान अब बेहतर शिक्षा और रोजगार की तलाश में अपना वक्त लगाना बेहतर मान रहे हैं। जान बचाने के लिए घने जंगलों में भटकने या सुरक्षा बलों का निशाना बनने को वे राजी नहीं हो रहे। गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग लेकर हथियारबंद लड़ाकों को लगातार रिहाइशी इलाकों की तरफ जाने से रोका जा रहा है। दशकों से चले आ रहे इस सशस्त्र वामपंथी आंदोलन को नेस्तनाबूद करने को दृढ़संकल्पित केंद्र सरकार सफल होती दिख रही है। हालांकि ग्रामीण और बीहड़ इलाकों तक विकास, सड़कें, विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही रोजगार के साधनों की ठोस व्यवस्था ही नौजवानों को मतिभ्रम से दूर रख सकती है। मात्र ओजस्वी भाषणों के भरोसे उनके आवेग/गुस्से को रोका जाना मुश्किल है।

# कांग्रेस को 10 में से 10 नंबर दिए जा सकते हैं

अजीत द्विवे

अगर कोशिशों के लिए नंबर देना हो तो कांग्रेस को 10 में से 10 नंबर दिए जा सकते हैं। कुछ समय पहले तक वह कोशिश भी नहीं कर रही थी। लेकिन अब पार्टी संगठन को बदलने और उसमें जोश भरने की गंभीर कोशिश की जा रही है। कांग्रेस नेतृत्व के बारे में धारणा बदलने की कोशिश हो रही है। पार्टी को नए समय की चुनौतियों और राजनीतिक मुद्दों के मुताबिक ढालने की कोशिश भी चल रही है। पुरानी विरासत को हासिल करने का प्रयास भी हो रहा है और सबसे ऊपर कांग्रेस का स्वंतत्र अस्तित्व स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। कामयाबी की संभावना अभी नहीं दिख रही है लेकिन व्यक्ति के जीवन की तरह ही राजनीति में भी कई बार बहुत नजदीक की चीजें नहीं दिखाई देती हैं। इसलिए कांग्रेस की कोशिशों का क्या हासिल होगा उसके बारे में समय बताएगा।

यह कहना बहुत आसान है कि कांग्रेस लड़ना या जीतना भूल गई है या कांग्रेस की मारक क्षमता कम हो गई या नरेंद्र मोदी से मुकाबले के लिए उसके पास कोई नेतृत्व नहीं है या कांग्रेस के अखिल भारतीय संगठन का ढांचा चरमराया हुआ है। हकीकत यह है कि इसके बावजूद कांग्रेस लड़ रही है, लगातार पराजय और विपरीत परिस्थितियों के बाद भी कांग्रेस नेतृत्व मैदान में टिका है और सब कुछ ठीक करने की कोशिश कर रहा है। कांग्रेस व राहुल की असफलताओं पर विचार करने से पहले यह ध्यान रखना चाहिए कि उसका प्रतिद्वंद्वी कितना शक्तिशाली है और और वह क्या क्या कर सकता है!

सो, गुजरात के अहमदाबाद में मंगलवार, आठ अप्रैल से होने जा रहे दो दिन के कांग्रेस अधिवेशन के बहाने कांग्रेस की कोशिशों पर चर्चा करने की जरुरत है। कांग्रेस सबसे पहले तो अपनी विरासत को हासिल करने का प्रयास कर रही है। असल में 2014 में कांग्रेस जितनी बुरी तरह से हारी वह उसके लिए बहुत बड़ा झटका था। हारना कांग्रेस के लिए कोई नई बात नहीं थी लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि पार्टी 44 सीट पर सिमट जाएगी। इतनी बुरी तरह से हारने की वजह से उसको संभलने में इतना समय लगा है। इस अवधि में वह पूरी तरह से सदमे में रही। कोई नया आइडिया तो पार्टी के पास नहीं ही था वह पुरानी विरासत भी भूल गई और भाजपा ने इसका फायदा उठाया। उसने कांग्रेस के महापुरुषों को अपना बना कर कांग्रेस की साख बिगाड़ी।

प्रधानमंत्री के दावेदार के तौर पर चुनाव लड़ रहे नरेंद्र मोदी ने मदन मोहन मालवीय के परिजनों को अपना प्रस्तावक बनाया। उसने पंडित मदन मोहन मालवीय से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, लालबहादुर शास्त्री और यहां तक कि महात्मा गांधी को भी अपना बताना और बनाना शुरू कर दिया। वास्तविकता यह है कि इनमें से लगभग सभी लोग भाजपा के पूर्ववर्ती संगठन और आरएसएस दोनों के विचारों के घनघोर विरोधी रहे हैं। अब जाकर कांग्रेस संभली है तो उसने अपनी विरासत हासिल करने का प्रयास शुरू किया है।

कांग्रेस अपने दो दिन के अधिवेशन के पहले दिन आठ अप्रैल को अहमदाबाद के शाहीबाग में स्थित सरदार पटेल मेमोरियल में कार्य समिति की बैठक करेगी। दूसरे दिन नौ अप्रैल को साबरमती के किनारे कांग्रेस अधिवेशन का मुख्य कार्यक्रम होगा। कांग्रेस 61 साल के बाद गुजरात में अधिवेशन कर रही है और यह संयोग नहीं है कि इस साल सरदार पटेल की डेढ़ सौवीं जयंती मनाई जा रही है। सरदार की डेढ़ सौवीं जयंती पर कांग्रेस ने गुजरात में अधिवेशन का फैसला किया तो इसका कहीं न कहीं यह अर्थ है कि वह सरदार पटेल की विरासत को वापस हासिल करना चाहती है। कांग्रेस के बाद के नेताओं ने खास कर माधव सिंह सोलंकी ने कांग्रेस को खाम (केएचएएम) यानी क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी, मुस्लिम की राजनीति में समेटा था। इसका कुछ लाभ तो पार्टी को मिला लेकिन उसके बाद जब हार का सिलसिला शुरू हुआ तो यह समीकरण काम नहीं आया। अब कांग्रेस इस समीकरण से बाहर निकल कर आजादी के बाद के सबको साथ लेकर चलने के समीकरण पर काम कर रही है। विरासत वापस हासिल करने की कोशिश कांग्रेस ने पिछले साल दिसंबर के अंत में बेलगावी अधिवेशन से शुरू की। महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी पूरी होने पर बेलगावी में कांग्रेस ने अधिवेशन किया। गौरतलब है कि महात्मा गांधी 1924 में बेलगावी में ही कांग्रेस अध्यक्ष बने थे और सिर्फ एक साल ही अध्यक्ष रहे थे। उस ऐतिहासिक घटना को कांग्रेस ने बड़े ऐहतराम के साथ याद किया।


गठबंधन की राजनीति का दौर शुरू होने के बाद कांग्रेस स्वतंत्र राजनीति का रास्ता भूलती गई है। जहां वह सत्ता से बाहर हुई वहां उसके नेताओं ने किसी प्रादेशिक पार्टी का कंधा पकड़ लिया और उस पर सवार हो गई। इसमें कांग्रेस नेतृत्व की भी भूमिका रही है लेकिन इसका नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस की जमीन लगातार सिमटती गई। पहले जो एक राज्य की परिघटना थी वह अब कई राज्यों की हो गई है।

## शब्द सामर्थ्य -019

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 018 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

## सू- दोकू क्र. 019

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 018 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# चर्चित व्यंग्य संग्रह.. इनविजिबल इडियट

(विवेक रंजन श्रीवास्तव-विनायक फीचर्स)



चर्चित कृति इनविजिबल इडियट , सामयिक, सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को व्यंग्य के तीखे तेवर के साथ प्रस्तुत करती है। लेखक ने समाज में व्याप्त विसंगतियों, राजनीतिक पाखंड, साहित्यिक अवसरवादिता और मानवीय दुर्बलताओं को बेबाकी से उजागर किया है।

**विषयवस्तु और व्यंग्य की प्रकृति**

किताब में शामिल किए गए व्यंग्य लेखों से झलकता है कि इस कृति में अपनी पुरानी व्यंग्य पुस्तकों के क्रम में ही प्रभा शंकर उपाध्याय जी ने समकालीन सामाजिक और राजनीतिक संदर्भों पर चोट की है। ÷सरकार इतने कदम उठाती है मगर, रखती कहाँ है?÷ और "गुमशुदा सरकार" जैसे लेखों में व्यंग्यकार ने प्रशासनिक और राजनीतिक ढांचे की विसंगतियों को तीखे कटाक्ष के साथ उठाया है। वहीं ÷कोई लौटा दे मेरे बालों वाले दिन÷ और ÷पके पपीते की तरह आदमी का टूटना÷ जैसे शीर्षक मानवीय भावनाओं और जीवन की नश्वरता को हास्य और व्यंग्य के मेल से प्रस्तुत करते हैं।

**भाषा और शिल्प**

व्यंग्य-लेखन में भाषा की धार सबसे महत्वपूर्ण होती है, और यहां व्यंग्यकार ने सहज, प्रवाहमयी और चुटीली भाषा का प्रयोग किया है। ÷भेड़ की लात÷, ÷घुटनों तक , .... और गिड़गिड़ा÷, ÷जुबां और जूता दोनों ही सितमगर÷ जैसे शीर्षक ही भाषा में रोचकता और पैनेपन की झलक देते हैं।

**हास्य और विडंबना का संतुलन**

एक अच्छा व्यंग्यकार केवल कटाक्ष नहीं करता, बल्कि हास्य और विडंबना पर कटाक्ष का संतुलित उपयोग करके पाठक को सोचने पर मजबूर कर देता है। "फूल हँसी भीग गई, धार-धार पानी में", "तीन दिवस का रामराज", "लिट्रेचर फेस्ट में एक दिन" जैसे लेख संकेत करते हैं कि किताब में व्यंग्य के माध्यम से समाज के गंभीर पहलुओं को हास्य के साथ जोड़ा गया है।

**समकालीनता और प्रासंगिक लेखन**

लेखों के शीर्षकों से स्पष्ट है कि इसमें समकालीन राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर तीखी टिप्पणियाँ हैं। "डेंगू सुंदरी: एडीस एजिप्टी", "भ्रष्टाचार को देखकर होता क्यों हैरान?" और "अंगद के पांव" आदि व्यंग्य लेख आज के दौर की ज्वलंत समस्याओं को हास्य-व्यंग्य के जरिये प्रस्तुत करते है।

**व्यंग्य के मूल्यों की पड़ताल**

पुस्तक केवल समाज और राजनीति पर ही कटाक्ष नहीं करती, बल्कि साहित्यिक हलकों की भी पड़ताल करती है। ÷साहित्य का आधुनिक गुरु", ÷ताबड़तोड़ साहित्यकार", "साहित्य-त्रिदेवों का स्तुति वंदन" जैसे शीर्षक यह दर्शाते हैं कि इसमें साहित्यिक दुनिया के भीतर की राजनीति और दिखावे पर भी व्यंग्य किया गया है। यह किताब व्यंग्य-साहित्य के मानकों पर खरी उतरती है। इसमें हास्य, विडंबना, कटाक्ष और सामाजिक जागरूकता का अद्भुत मिश्रण दिखाई देता है। भाषा प्रवाहमयी और चुटीली है, लेखों में पंच वाक्य भरपूर हैं।

# राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज महत्वपूर्ण काम पूरा होने के योग हैं। आज आपको अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसका सकारात्मक असर आपके व्यक्तित्व पर पड़ेगा। आज किसी दोस्त या रिश्तेदार से चल रही गलतफहमी दूर होगी। स्टूडेंट को करियर संबंधित मेहनत के अच्छे नतीजे मिलेंगे। किसी अनजान की हेल्प करके आप अपने आप को कुछ बेहतर महसूस करेंगे।

**वृषभ**
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका छुपा टैलेंट लोगों को पता चलेगा। आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बीतने से मानसिक सुकून मिलेगा। व्यापार में आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति का साथ मिलेगा। आज घर में सुख-शांति का माहौल रहेगा। लवमेट के साथ कहीं घूमने जाएंगे। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुके हुए कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन**
आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज बिजनेस में काम करने के तरीकों में बदलाव संबंधी नीतियों पर गंभीरता से विचार करेंगे। नई कार्य प्रणाली संबंधी योजनाएं सफल रहेंगी। नौकरी में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी। प्रमोशन की खबर मिलने के योग हैं। आज आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज किसी बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कर्क**
आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज अधूरे कामों पर ज्यादा ध्यान देंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव करने की सोच रहे हैं तो वास्तु के नियमों का ध्यान रखेंगे। आज ऑफिस में अपना कार्य समय पर निपटा लेंगे। आज जीवनसाथी और परिवार वालों में आपसी तालमेल रहेगा। आज आप किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जाएगा। आज आपके ईमानदारी की हर जगह चर्चा होगी। कार्यक्षेत्र में भी लोगों का विश्वास आप पर बनेगा।

**सिंह**
आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जरूरत है। इससे काम करने के तरीकों में सुधार होगा। हर काम अपनी देखरेख में ही करवाएं। ऑफिस में कुछ लोग आपकी उन्नति से जलन की भावना रख सकते हैं। आज मन मुताबिक तरीके से सभी काम निपटाते जाएंगे। सामाजिक कामों में आपकी मौजूदगी से तारीफ मिलेगी। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा।

**कन्या**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज किसी भी फोन कॉल को नजरअंदाज न करें, आपको विशेष सूचना मिल सकती हैं। करीबी इंसान की मदद करके आपको खुशी मिलेगी। घर की व्यवस्था को उचित बनाने में आपकी कोशिश कामयाब रहेगी। आज परिवार के साथ किसी उत्सव में जाने का मौका मिलेगा। आज ऑफिस में टीम वर्क से बेहतर नतीजे मिलेंगे। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लगाव बढ़ेगा। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी।

**तुला**
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपनी योजनाओं को व्यवस्थित करेंगे। दूसरों की बजाय अपनी खूबियों पर भरोसा रखेंगे, आपको फायदा मिलेगा। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक रिश्ते मजबूत होंगे। परिवार के साथ मनोरंजन और घूमने में कुछ समय बीतेगा। आज आपको अपनी इच्छा शक्ति के साथ अपनी भावनाओं में भी सुधार लाने की जरूरत है। इस राशि के छात्रों को प्रतियोगी क्षेत्र में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज बिजनेस के काम करने के तरीके का जिक्र दूसरे से न करें। नौकरी या बिजनेस में महत्वपूर्ण फैसला आज न लें। स्टूडेंट्स को किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज परिवार के लोग साथ में समय बिताएंगे। लवमेट के साथ मुलाकात का मौका मिलेगा। आज आप नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**धनु**
आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज बातचीत करते समय ऐसे शब्दों का इस्तेमाल न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। आज बीती हुई पुरानी बातों को खुद पर हावी न होने दे। ध्यान और मेडिटेशन से आप मानसिक तौर पर स्वस्थ रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। राजनीति से जुड़े लोग आज सामाजिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज आपके पास कुछ नई जिम्मेदारियां आएगी।

**मकर**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज मीडिया, मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों के लिए सफलता का समय है। नौकरी कर रहे लोग अपने काम पर ज्यादा ध्यान देंगे। आज स्वभाव में लचीलापन लाएं। आपकी जिद्द से पारिवारिक समस्या बढ़ेगी। छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द अच्छे अंक हासिल होंगे। आपके वेतन में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। आज आप दूसरों को अपनी बातों से आकर्षित कर लेंगे। रुका हुआ काम आज अपनों की मदद से पूरा हो जाएगा।

**कुंभ**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपके काम समय मुताबिक पूरे होते जाएंगे। पूरे आत्मविश्वास से कोशिश करते रहें। वाहन खरीदने की योजना है तो दिन शुभ है। व्यस्तता के बावजूद रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ समय बीतेगा। आज किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपने आत्मविश्वास और आत्म सम्मान को कम न होने दें। असमंजस में विश्वसनीय लोगों से सलाह-मशवरा करें। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी। जीवनसाथी आपको उपहार देंगे।


**मीन**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आज कहीं रुका हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। गलतियों से सीख लेकर अपने काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को परीक्षा में अच्छे नतीजे मिलेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा।

# धूमिल होती विवाह संस्कार की गरिमा और मर्यादा

(मनोज कुमार अग्रवाल -विनायक फीचर्स)



देश के अधिकांश हिस्सों में हिन्दू समाज के कुछ वर्गों खासकर एलीट और सम्पन्न समझे जाने वाले लोगों द्वारा विवाह आयोजन में जिस तरह का वैभव प्रदर्शन किया जा रहा है उन सबके बीच विवाह का संस्कार यानि परंपरागत सप्तपदी के फेरे की रस्में गौण बनती जा रही है। जबकि सबसे महत्वपूर्ण अग्नि के समक्ष वर वधू के फेरे और जन्म जन्मांतर साथ निभाने के वचन ही हैं जिनके लिए यह सारा समारोह आयोजित किया जाता है। इन दिनों दक्षिण में विवाह की रस्म कराते कर्म कांडी पुरोहित के साथ अभद्र मजाक बनाने का विडियो वायरल हुआ। यह वायरल वीडियो तो सिर्फ आइना है वास्तव में कुछ लोग विवाह के संस्कार को बहुत हल्के और बेहद गैर गंभीर तरीके से लेने लगे हैं। उनका सारा जोर ही डांस और पार्टी हल्ला-गुल्ला पर रहने लगा है। इतना ही नहीं वरमाला पर वर वधू का आचरण भी विवाह संस्कार की मर्यादा का हनन ही है। हाल ही में देश की शीर्ष अदालत को यदि विवाह जैसे बेहद व्यक्तिगत मामले में परामर्श देना पड़ा है, तो इसका साफ संदेश यही है कि इसके मूल स्वरूप से तेजी से खिलवाड़ हुआ है। कोर्ट को सख्त लहजे में यहां तक कहना पड़ा कि विवाह यदि सप्तपदी यानी फेरे जैसे उचित संस्कार और जरूरी समारोह के बिना होता है तो वह अमान्य ही होगा। निश्चित रूप से अदालत ने यह बताने का प्रयास किया कि इन जरूरी परंपराओं के निर्वहन से ही विवाह की पवित्रता और कानूनी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। दरअसल, पिछले कुछ सालों में लिव-इन का प्रचलन विवाह संस्था के वजूद को हिला रहा है बिन फेरे हम तेरे के चलन ने तमाम सामाजिक वर्जनाओं के ताने बाने को तहस नहस कर दिया है। तिस पर विवाह से पूर्व प्री वेडिंग शूट के नए प्रचलन ने तमाम संस्कार और मर्यादा मान्यताओं का बेड़ा गर्क कर दिया है।



हाल के वर्षों में विवाह समारोहों के आयोजन में पैसे के फूहड़ प्रदर्शन व तमाम तरह के आडंबरों को तो प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन परंपरागत हिंदू विवाह के तौर-तरीकों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। आज से कुछ दशक पूर्व हिंदी फिल्मों में हास्य पैदा करने के लिये विवाह से जुड़ी परंपराओं का जिस तरह का मजाक बनाया जाता था, आज कमोबेश वैसी स्थिति समाज में भी बनती जा रही है। वर-वधू द्वारा अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को शुरू करने के वक्त विवाह के आयोजन में जो शालीनता, गरिमा व पवित्रता होनी चाहिए, उसे खारिज करने की लगातार कोशिशें की जाती रही हैं। यही वजह है कि अदालत को याद दिलाना पड़ा कि हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत विवाह की कानूनी जरूरतों तथा पवित्रता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। जिसके लिये पवित्र अग्नि के चारों ओर लगाये जाने वाले सात फेरे जैसे संस्कारों व सामाजिक समारोह से ही विवाह को मान्यता मिल सकती है। निश्चित रूप से आज विवाह संस्कार की गरिमा को प्रतिष्ठा दिये जाने की जरूरत है। यानी विवाह सिर्फ प्रदर्शन नहीं है। विवाह मजबूरी का समझौता या करार भी नहीं हो सकता। निश्चित रूप से भारतीय जीवन पद्धति में विवाह महज महत्वपूर्ण संस्कार ही नहीं है बल्कि नवदंपति के जीवन के नये अध्याय की शुरुआत भी है। जिसे हमारे पूर्वजों ने बेहद गरिमा व सम्मान के साथ पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाया है। आज हम भले ही कितने आधुनिक हो जाएं, विवाह से जुड़ी अपरिहार्य परंपराओं को नजरअंदाज कदापि नहीं कर सकते।

सनातन वैदिक परम्परा में विवाह को एक बहुत पवित्र संस्कार माना गया है इस संस्कार के समय वर को विष्णु और वधू को साक्षात लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। इस संस्कार में विष्णु स्वरूप को एक पिता आदर भाव से पूजा कर उसे लक्ष्मी स्वरूप कन्या सौंपता है। इतना ही नहीं दूसरे धर्मावलंबियों की तरह हिन्दू समाज में विवाह एक समझौता नहीं है वरन जन्म जन्मांतर तक साथ निभाने का वचन है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि + वाह,है। इसका शाब्दिक अर्थ है वहन करना यानि विशेष रूप से उत्तरदायित्व का वहन करना । पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी के बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे ले कर और ध्रुव तारे को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक संम्बंध से अधिक आत्मिक संबंध होता है और इस संबंध को अत्यंत पवित्र माना गया है।

निश्चित रूप से विवाह को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिये पंजीकरण आदि के उपाय इस रिश्ते को अपेक्षित गरिमा देने में विफल ही रहे हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत में न्यायाधीश को कहना पड़ा कि सात फेरों का अर्थ समझे बिना हिंदू विवाह की गरिमा को नहीं समझा जा सकता। यह भी कि हिंदू विवाह सिर्फ नाचने-गाने तथा पार्टीबाजी की ही चीज नहीं है, यह एक गरिमामय संस्कार है। उसके लिये सामाजिक भागीदारी वाला जरूरी विवाह समारोह भी होना चाहिए। यानी महज पंजीकरण से विवाह की वैधता पर मोहर नहीं लग जाती। निस्संदेह, निष्कर्ष यही है कि पैसा पानी की तरह बहाकर तमाम तरह के आडंबरों को आयोजित करने के बजाय विवाह के मर्म को समझना होगा। इसके बावजूद देशकाल व परिस्थितियों के अनुरूप विवाह पंजीकरण की जरूरत को भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। हमें यह भी स्वीकारना होगा कि 21वीं सदी का भारतीय समाज बदलते वक्त के साथ नई चाल में ढला है। नई पीढ़ी की कामकाजी महिलाएं आज आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं और अपनी शर्तों पर विवाह की परंपराओं को निभाने की बात करती हैं। जिसके चलते विवाह संस्था को लेकर कई अदालतों के फैसले सामने आए हैं, जिनकी तार्किकता को लेकर समाज में बहस चलती रहती है। जिसमें कई कर्मकांडों पर नये सिरे से विचार-विमर्श की जरूरत बतायी जाती रही है। मसलन कुछ कथित प्रगतिशील लोग कन्यादान व सिंदूर लगाने की अनिवार्यता को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद हमें न्यायालय की चिंताओं पर चिंतन तो करना ही चाहिए। यह सवाल रूढ़िवादिता का नहीं है बल्कि अपनी परंपराओं के गरिमापूर्ण पालन का है। दुनिया के तमाम धर्मों में सदियों से चली आ रही वैवाहिक परंपराओं का आदर के साथ अनुपालन किया जाता है। यह हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित रीति-रिवाजों का सम्मान करने जैसा ही होता है। जो नया जीवन शुरू करने वाले वर-वधू को एक आशीष जैसा ही होता है।

# प्रभारी मंत्री श्री पटेल दो दिवसीय प्रवास पर आज आएंगे रीवा

### प्रभारी मंत्री 17 अप्रैल को बिछिया नदी उद्गम स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल



**रीवा,कासं.।** रीवा जिले के प्रभारी मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल दो दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। प्रभारी मंत्री श्री पटेल सतना जिले से 16 अप्रैल को शाम 6 बजे प्रस्थान कर शाम 7 बजे रीवा में श्री विशम्भरनाथ पटेल के निवास पहुंचेंगे। प्रभारी मंत्री रात 8.15 बजे राजनिवास रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। प्रभारी मंत्री 17 अप्रैल को सुबह 7 बजे राजनिवास से प्रस्थान करेंगे तथा सुबह 8 बजे मऊगंज पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बिछिया नदी उद्गम स्थल पर पूजन, जनचर्चा एवं ग्रामसभा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री सुबह 10.30 बजे वापस राजनिवास रीवा पहुंचेंगे तथा सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में शाम 4 बजे से 5 बजे तक आयोजित पंच-सरपंच सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री शाम 5.05 बजे राजनिवास पहुंचेंगे तथा शाम 6 बजे राजनिवास से दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के लिए प्रस्थान करेंगे।

## समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित आवेदनों का निराकरण करें : कमिश्नर

**रीवा,कासं.।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें। इस माह प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन में स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा विभाग की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना एवं प्रसूति सहायता, गृह विभाग की एफआईआर लिखने में देरी तथा ऊर्जा विभाग की बिजली न आने एवं वोल्टेज संबंधी शिकायतों की समीक्षा की जाएगी। निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं में राजस्व विभाग के खसरा ऑनलाइन अपडेट करने, नामांतरण एवं बंटवारे से संबंधित प्रकरण, ग्रामीण विकास विभाग की प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत द्वारा सामग्री क्रय एवं अन्य भुगतानों से जुड़े आवेदनों की समीक्षा की जाएगी। समाधान ऑनलाइन में लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की नलजल योजनाओं से संबंधित आवेदन एवं सभी विभागों के सीएम हेल्पलाइन में सौ दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें। मार्च माह में दर्ज आवेदनों तथा 50 दिवस से अधिक समय से लंबित आवेदनों का तत्परता से निराकरण करें। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी विभाग रैंकिंग में सी और डी श्रेणी में न रहे।



### उप मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री की सौजन्य भेंट

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने अपनी दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्रीं उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेट की। उप मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए सार्थक चर्चा की।

# कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से कलेक्टर्स को दिए निर्देश

### शासन की प्राथमिकता के कार्यों पर विशेष ध्यान दें : कमिश्नर

### खाद्य सुरक्षा योजना की 30 अप्रैल तक शत-प्रतिशत ई केवाईसी कराएं : कमिश्नर

रीवा 15 अप्रैल 2025. रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के कार्य कराएं। इस अभियान में जनता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करके इसे जन-जन का अभियान बनाएं। जल संरक्षण से ही धरती पर मानव जीवन और समस्त जीवों के जीवन को सुरक्षा मिलेगी। इसकी कार्ययोजना में शामिल निर्माण कार्यों को एक सप्ताह में प्रशासकीय और तकनीकी स्वीकृति जारी कराकर उत्सव के माहौल में जल संरक्षण के कार्य कराएं। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के मैहर और मऊगंज नवगठित जिले हैं। सभी प्रभारी अधिकारी इन जिलों का कम से कम दो दिन अनिवार्य रूप से भ्रमण करें।

कमिश्नर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए नियमित सुनवाई करके दो वर्ष से अधिक अवधि के सभी राजस्व प्रकरण तीन माह में निराकृत करें। सीमांकन के सभी प्रकरण एक माह की समय सीमा में निराकृत करें। पिछले दो माह में सभी जिलों में नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरण बड़ी संख्या में निराकृत किए गए हैं। बंटवारे के प्रकरणों के निराकरण में रीवा जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। लोक सेवा गारंटी में तय समय सीमा में राजस्व प्रकरणों के निराकरण न होने तथा साइबर तहसील में समय सीमा में रिपोर्ट दर्ज न होने पर जुर्माने की कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन में भी 50 दिन से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण कराएं। पिछले दो महीने में लंबित पेंशन प्रकरण बड़ी संख्या में निराकृत किए गए हैं। कलेक्टर पेंशन प्रकरणों के निराकरण की हर सप्ताह समीक्षा करें। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में गेंहू का उपार्जन शुरू हो गया है। उपार्जन केन्द्रों में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। राजस्व अधिकारी भी खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। उपार्जित गेंहू के सुरक्षित भण्डारण तथा किसानों को तीन दिवस में भुगतान सुनिश्चित करें। कलेक्टर पेयजल व्यवस्था की भी सतत निगरानी करें। जिन क्षेत्रों में जल स्तर घटने से हैण्डपंप बंद हो गए हैं वहाँ सिंगल फेज मोटर की व्यवस्था करके पानी की आपूर्ति कराएं। पेयजल समस्यामूलक गांवों का चिन्हांकन करके उनमें पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। पीएचई विभाग के अधिकारी खराब हैण्डपंपों के सुधार और नलजल योजनाओं को सतत चालू रखने के लिए लगातार प्रयास करें। जिला और विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर पेयजल व्यवस्था की निगरानी करें। खाद्य सुरक्षा योजना के सभी हितग्राहियों का 30 अप्रैल तक ई केवाईसी सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ मृत और स्थाई रूप से पलायन करने वाले व्यक्तियों के नाम पृथक करने की कार्यवाही करें। अप्रैल माह के आवंटन का उठाव संतोषजनक नहीं है। नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी शत-प्रतिशत खाद्यान्न का उठाव करके तीन दिवस में उचित मूल्य दुकानों में भण्डारित कराएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। कलेक्टर खाद्यान्न वितरण की भी हर सप्ताह समीक्षा करें। बैठक में कमिश्नर ने स्कूल चलें हम अभियान के तहत विद्यार्थियों के शाला प्रवेश, निःशुल्क पुस्तकों के वितरण, जल गंगा संवर्धन अभियान, वृक्षारोपण तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक में शामिल कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि पेयजल एवं गेंहू उपार्जन की सतत समीक्षा की जा रही है।

## जनसुनवाई में आमजनता के 68 आवेदन पत्रों में हुई सुनवाई



**रीवा,कासं.।** आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने आमजनता के 68 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जन सुनवाई में जमीन के सीमांकन, भू अर्जन, नामांतरण, उपचार सहायता, पेंशन भुगतान, जमीन से अवैध कब्जा हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न आवेदन पत्रों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में वंशगोपाल सिंह निवासी महसांव ने जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम गुढ़ को आवेदन पत्र में कार्यवाही के निर्देश दिए। राजकरण सिंह निवासी अमिलकी ने उन्हें छठवें और सातवें वेतनमान का लाभ देने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने उप संचालक पशुपालन को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय में आउटसोर्स संस्था कैपिटल इन्फोलाइन मार्केटिंग लिमिटेड में नर्स के रूप में कार्यरत श्रीमती सपना चौरसिया ने प्रसूति अवकाश के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने जिला श्रम पदाधिकारी को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जिला श्रम पदाधिकारी ने संस्था के संचालक से फोन पर निर्देश देकर प्रसूति अवकाश स्वीकृत कराया।

संत प्रसाद चतुर्वेदी निवासी लक्ष्मणपुर ने सरकारी मार्ग से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। संतोष कुशवाहा निवासी मझगवां ने तहसीलदार द्वारा सीमांकन के संबंध में पारित आदेश का पालन कराने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम त्योंथर को आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सूरजदीन तिवारी निवासी पुरवा ने सीमांकन कराने, मनोज कुमार निवासी हटवा ने खसरे में सुधार तथा ऊषा देवी निवासी उमरी ने आम रास्ते से कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले भर में हो रहे जल संरक्षण के कार्य

**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिले में 30 मार्च से शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। पुराने जल स्त्रोतों तथा तालाबों की साफ-सफाई एवं सुधार के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ खेत तालाब निर्माण, हैण्डपंपों तथा कुओं में रिचार्ज पिट बनाने का कार्य प्रत्येक विकासखण्ड में किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम पंचायत मऊ में खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। जनपद पंचायत जवा की ग्राम पंचायत जतरी में भी खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है।

ग्राम तेंदुआ में तीन कूपों में रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। यहाँ दो हैण्डपंपों में भी रिचार्ज पिट बनाए गए हैं। मऊगंज जिले की जनपद पंचायत मऊगंज के ग्राम पटपरा में उपयंत्री पवन गुप्ता की देखरेख में तीन ट्यूबवेलों में रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं।जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रीवा जिले की ग्राम पंचायत उसकी में महिला स्वसहायता समूहों ने गांव में जल संरक्षण जागरूकता रैली निकाली। इसके बाद महिलाओं ने तालाब की साफ-सफाई में श्रमदान किया।



## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकन टेक फर्म यूएसटी ने भारत में किया विस्तार, बेंगलुरु में खोला नया ऑफिस

**बेंगलुरु ,एजेंसी।** डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अमेरिकी कंपनी यूएसटी ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने बेंगलुरु में नया ऑफिस खोला है। यह शहर में कंपनी का चौथा ऑफिस है, जिसमें 300 लोगों के बैठने की क्षमता है। यूएसटी ने 2012 में बेंगलुरु में अपना परिचालन शुरू किया था और वर्तमान में यह शहर इसका दूसरा सबसे बड़ा ग्लोबल डिलीवरी सेंटर है, जिसमें 6,500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जो सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य सेवा, टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक्स, हाई-टेक, रिटेल और बीएफएसआई में नए समाधान प्रदान करते हैं। बेंगलुरु के सेंटर हेड, किरणकुमार डोरस्वामी ने कहा, नई सुविधा का उद्घाटन भारत में यूएसटी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। शहर के प्रमुख टेक हब में सैटेलाइट कार्यालयों के साथ, हमारा लक्ष्य अपने कर्मचारियों को उनके घरों के करीब सुविधाजनक कार्यस्थल प्रदान करना है, जिससे यात्रा की थकान कम हो और उन्हें इनोवेशन और उत्पादकता पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाया जा सके। उन्होंने आगे कहा, यह विस्तार हमारे ग्राहकों के लिए हाई-वैल्यू सॉल्यूशंस प्रदान करते हुए एक गतिशील और कर्मचारी-केंद्रित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। यूएसटी भारत भर में अपना विस्तार जारी रखे हुए है। साथ ही, डिजिटल परिवर्तन और टेक्नोलॉजी सेवाओं में वैश्विक अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है। मार्च 2025 में, यूएसटी ने पुणे में 1,000 सीटों की क्षमता वाले ऑफिस का उद्घाटन किया, जिसमें शहर में अगले पांच वर्षों में 6,000 नौकरियां पैदा करने की योजना है। कैलिफोर्निया स्थित मुख्यालय वाली यूएसटी ने कहा कि उसने देश भर में अपनी उपस्थिति का काफी विस्तार किया है। कंपनी के ऑफिस बेंगलुरु, तिरुवनंतपुरम, हैदराबाद, कोच्चि, पुणे, मुंबई, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली एनसीआर, अहमदाबाद, होसुर सहित प्रमुख स्थानों पर हैं और कंपनी देश भर में 20,000 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करती है।

### सोने का भाव पहुंच सकता है 1,30,000 रुपये प्रति 10 ग्राम, जानिए गोल्डमैन सैक्स का ये नया अनुमान

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में टैरिफ के चलते मचे उथल-पुथल के बीच लगातार सोने की कीमतों में भारी इजाफा देखा जा रहा है। सोने के बढ़ते दामों को लेकर गोल्डमैन सैक्स ने बड़ी भविष्यवाणी की है। ट्रेड वॉर के कारण सोने की कीमतें और बढ़ सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ये कीमतें 4,500 डॉलर प्रति औंस तक जा सकती हैं। इस हिसाब से सोना 1.30 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच सकता है। फिलहाल अभी सोने का भाव 3,247 डॉलर प्रति औंस है। इस तरह कीमतों में लगभग 38 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है। गोल्डमैन सैक्स ने अमेरिकी-चीन व्यापार युद्ध और मंदी की आशंकाओं को देखते हुए यह अनुमान लगाया है। विदेशी निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स का कहना है कि अगर हालात बहुत खराब होते हैं तो 2025 के अंत तक सोने की कीमतें 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती हैं। इसके अलावा, उसका यह भी कहना है कि सामान्य स्थिति में भी सोने की कीमतें 2025 के अंत तक 3,700 डॉलर प्रति औंस तक बढ़ सकती हैं। गोल्डमैन सैक्स ने 2025 के अंत के लिए सोने के टारगेट में तीसरी बार बदलाव किया है। इससे पहले, इस विदेशी बैंक ने सोने की कीमत का टारगेट 3,300 डॉलर प्रति औंस तय किया था। विदेशी फर्म का कहना है कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध बढ़ने के कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसलिए, मंदी से बचने के लिए सोने की मांग बढ़ गई है। पिछले हफ्ते सोने की कीमतों में 6.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। कोविड-19 के बाद सोने का यह सबसे अच्छा साप्ताहिक प्रदर्शन था। इसकी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ से वैश्विक स्तर पर बढ़ती अस्थिरता है।

# चेन्नई ने रोमांचक मुकाबले में लखनऊ को 5 विकेट से हराया

### धोनी ने खेली मैच जिताऊ पारी

**लखनऊ,एजेंसी।** आईपीएल 2025 का 30 वां मैच इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ और चिन्नई के बीच खेला गया. जिसमें धोनी की टीम ने ऋषभ पंत की टीम को 5 विकेट से हराकर इस सीजन में अपनी दूसरी जीत दर्ज की है. चिन्नई के लिए यह जीत काफी अहम थी क्योंकि 5 मैच लगातार हारने के बाद उन्हें ये जीत नसीब हुई है.

167 रनों के लक्ष्य को सीएसके के लिए मुश्किल नजर आरहा था लेकिन आखिर में धोनी की 11 गेंदों में 26 रनों की तेज तर्रार पारी और शिवम दुबे की 37 गेदों में 43 रनों की झुझारू पारी ने मैच को चिन्नई की झोली में डाल दिया. सीएसके की 7 मैचों में ये दूसरी जीत है जबकि लखनऊ की 7 मैचों में ये तीसरी हार है.

धोनी और दूबे के अलावा आईपीएल में अपना पहला मैच खेलने वाले शैख रशीद और राचिन रवींद्र ने अच्छी बल्लेबाजी की. रशीद ने 19 गेंद में 27 जबकि रचिन 22 गेंद में 37 रनों की पारी खेली.

इससे पहले शाम को, सीएसके के गेंदबाजों ने नियंत्रित प्रदर्शन के साथ जीत की नींव रखी. खलील अहमद ने पहले ओवर में एडेन मार्करम को आउट करके शानदार शुरुआत दी, जिसका श्रेय राहुल त्रिपाठी को जाता है. फिर ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ खेल रहे अंशुल कंबोज ने अपनी गति में चतुराई से बदलाव करते हुए खतरनाक निकोलस पूरन को मात्र 8 रन पर आउट कर दिया जो धोनी द्वारा लिए गए सफल डीआरएस रेफरल की वजह से विकेट मिला.

कप्तान ऋषभ पंत ने 49 गेंदों पर 63 रनों की पारी खेलकर एलएसजी के लिए पारी को संभाला- जो इस सीजन का उनका पहला अर्धशतक था. मिशेल मार्श (25 गेंदों पर 30 रन) और आयुष बदोनी (17 गेंदों पर 22 रन) के साथ साझेदारी बनाई. लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स की स्पिन तिकड़ी की बदौलत एलएसजी की पारी डेथ ओवरों में शानदार नहीं रही। रवींद्र जडेजा ने बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने मार्श को आउट किया और बाद में बदोनी को स्टंप आउट किया- जो आईपीएल में धोनी का ऐतिहासिक 200वां शिकार था. नूर अहमद ने पंत को शांत रखा और उन्हें फेंकी गई 15 गेंदों पर केवल छह रन दिए. मथीशा पथिराना ने डेथ ओवरों में सटीक प्रदर्शन किया और एलएसजी केवल 166/7 तक ही पहुंच पाई.



167 के जवाब में सीएसके की पारी की शुरुआत एक आश्चर्यजनक बदलाव के साथ हुई, युवा खिलाड़ी शेख रशीद ने आईपीएल में पदार्पण किया, खराब फॉर्म में चल रहे डेवोन कॉनवे की जगह रचिन रवींद्र के साथ ओपनिंग की. रशीद ने 19 गेंदों पर 27 रन बनाए, जिसमें स्टाइलिश फ्लिक और एक शक्तिशाली पुल शामिल था. रचिन ने भी 22 गेंदों पर 37 रन बनाया और दोनों ने केवल 4.2 ओवरों में 50 रन जोड़कर एक मजबूत मंच तैयार किया। लेकिन एलएसजी ने स्पिन के साथ वापसी की, क्योंकि रवि बिश्नोई और एडेन मार्कराम ने रचिन और त्रिपाठी को जल्दी-जल्दी आउट किया. फिर, जडेजा आउट हो गए और विजय शंकर तेजी से रन बनाने की कोशिश में आउट हो गए, जिससे 15 ओवरों के बाद सीएसके का स्कोर 111/5 हो गया, और उन्हें 30 गेंदों पर 56 रन की जरूरत थी.

जेमी ओवरटन से पहले बल्लेबाजी करते हुए धोनी को पता था कि उन्हें अपने आक्रमण का सही समय चुनना होगा. उन्होंने धीमी शुरुआत की, लेकिन फिर 16वें ओवर में एक चौका और एक और बाउंड्री लगाकर अपनी लय हासिल कर ली. फिर उन्होंने 17वें ओवर में डीप स्क्वायर पर एक शानदार छक्का जड़ा, जिससे चेन्नई सुपर किंग्स के डगआउट और दर्शकों में जोश भर गया। दूसरी तरफ शिवम दुबे ने दबाव को झेला, हालांकि शुरुआत में वे दबाव में थे, लेकिन 19वें ओवर में उन्होंने शार्दुल ठाकुर की धज्जियां उड़ा दीं. उस ओवर में चेन्नई सुपर किंग्स को 19 रन मिले, जिससे आखिरी ओवर में केवल 5 रन की जरूरत रह गई. फिर 3 गेंद शेष रहते ही चिन्नई अपनी दूसरी जीत दर्ज कर ली. दुबे 37 गेंदों पर 43 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि धोनी ने 11 गेंदों पर 26 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली।

## एसबीआई ने एफडी ब्याज दरों में की कटौती, 15 अप्रैल से लागू होंगी नई दरें; वरिष्ठ नागरिकों को ज्यादा लाभ!

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की ब्याज दरों में बदलाव की घोषणा की है। नई दरें 15 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगी। बैंक ने सामान्य ग्राहकों और वरिष्ठ नागरिकों दोनों के लिए 1 से 3 साल की अवधि वाली एफडी पर ब्याज दरों में 10 बेसिस प्वाइंट्स की कटौती की है।

**वरिष्ठ नागरिकों के लिए नई एफडी दरें**

बदलाव के बाद, वरिष्ठ नागरिकों को 1 साल से लेकर 2 साल से कम की अवधि वाली एफडी पर अब 7.20% ब्याज मिलेगा, जो पहले 7.30% था। वहीं, 2 साल से लेकर 3 साल से कम की अवधि वाली एफडी पर ब्याज दर 7.50त्न से घटकर 7.40% हो गई है। अन्य अवधियों के लिए, वरिष्ठ नागरिकों को 7 दिनों से लेकर 10 साल तक की एफडी पर 4% से लेकर 7.50% तक ब्याज दर मिलेगी।

**एसबीआई अमृत कलश योजना फिर से शुरू**

एसबीआई ने अपनी विशेष एफडी योजना अमृत कलश को संशोधित ब्याज दरों के साथ फिर से शुरू किया है। 444 दिनों की इस अवधि वाली योजना में अब सामान्य नागरिकों को 7.05% प्रति वर्ष की ब्याज दर मिलेगी, जो पहले 7.25% थी। वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना में 7.55% प्रति वर्ष की ब्याज दर मिलेगी, जिसमें 50 बेसिस प्वाइंट्स की अतिरिक्त छूट शामिल है। पहले वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना में 7.75% ब्याज मिलता था। एसबीआई के इस कदम से एफडी में निवेश करने वाले ग्राहकों की कमाई पर थोड़ा असर पड़ सकता है। हालांकि, बैंक का कहना है कि यह बदलाव बाजार की मौजूदा स्थितियों को देखते हुए किया गया है। एफडी अब भी निवेशकों के लिए एक सुरक्षित और लोकप्रिय विकल्प बनी हुई है।

## पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने रचा इतिहास, कोहली और गेल के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की



**रावलपिंडी,एजेंसी।** पाकिस्तान के दाएं हाथ के धाकड़ बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने सोमवार को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में इस्लामाबाद यूनाइटेड और पेशावर जाल्मी के बीच पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के मैच के दौरान इतिहास रच दिया. वह सनसनीखेज शतक के साथ विराट कोहली और क्रिस गेल जैसे खेल के शीर्ष खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो गए। फरहान ने हाल ही में संपन्न नेशनल टी20 कप की अपने शानदार फॉर्म को जारी रखा, जहां उन्होंने 3 शतक बनाए थे. 29 वर्षीय फरहान ने साल का अपना चौथा टी20 शतक जड़ा, उन्होंने सिर्फ 52 गेंदों पर 106 रन बनाए और यूनाइटेड को 243 रनों का विशाल स्कोर बनाने में मदद की, जो पीएसएल के इतिहास में संयुक्त रूप से छठा सबसे बड़ा स्कोर है। इस शतकीय पारी के साथ ही फरहान ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया और एक साल में 4 टी20 शतक लगाने वाले इतिहास के केवल पांचवें खिलाड़ी बन गए. 29 वर्षीय फरहान ने अब तक 9 टी20 मैच खेले हैं और क्रिस गेल, विराट कोहली, जोस बटलर और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों के साथ यह रिकॉर्ड शेयर किया है। इसके अलावा, वह ऐसा करने वाले पहले पाकिस्तानी बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने एक साल में 3 शतक लगाने के बाबर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है. बाबर आजम ने 2019 और 2023 में 3-3 शतक लगाए हैं। गौरतलब है कि गेल ने अपने करियर में 3 बार एक साल में 3 शतक लगाए हैं। पिछले महीने फरहान ने टी20 नॉकआउट मैच में गेल के सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया. दाएं हाथ के बल्लेबाज ने सेमीफाइनल में पेशावर क्षेत्र के लिए एबटाबाद क्षेत्र के खिलाफ खेलते हुए 72 गेंदों पर 148 रनों की पारी खेली वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज ने इससे पहले मीरपुर में 2017 बांग्लादेश प्रीमियर लीग के फाइनल में ढाका डायनामाइट्स के खिलाफ रंगपुर राइडर्स के लिए 146 रन की पारी खेलकर रिकॉर्ड बनाया था।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना बार का किया गया वार्षिक निरीक्षण

### थाना बार के परिसर में नवनिर्मित आवासीय भवन का विधि-विधान से किया गया उद्घाटन



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा थाना बार का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान द्वारा सर्वप्रथम गार्द द्वारा सलामी ली गयी। सलामी गार्द का निरीक्षण कर, गार्द में लगे पुलिस कर्मियों का टर्न ऑउट को चैक किया। तत्पश्चात सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्पडेस्क, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना, बैरक, मैस आदि का भौतिक निरीक्षण कर सम्पूर्ण थाना परिसर में साफ-सफाई एवं पर्याप्त रोशनी रखने हेतु निर्देशित किया। थाना कार्यालय के रजिस्टरों रजिस्टर नं.8, एनसीआर रजिस्टर, रजिस्टर नं. 4, त्यौहार रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी रजिस्टर, टॉप-10 रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, भूमाफिया रजिस्टर, महिला उत्पीडन रजिस्टर आदि को चेक किया गया जिनका रख-रखाव संतोष जनक व अध्यावधिक पाया गया। फ्लाई शीट व एचएस रजिस्टर को चैक कर प्रभारी निरीक्षक बार को निर्देशित किया गया कि एचएस की चेकिंग साप्ताहिक रूप से करके उसका विवरण जी.डी. व संबंधित रजिस्टर में अंकित करें ताकि अपराध में प्रभावी नियंत्रण बनाया जा सके और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध समय-समय पर चेकिंग के पश्चात आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। आईजीआरएस रजिस्टर को चैक कर प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि आईजीआरएस शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, उचित व गुणवत्तापरक निस्तारण कराना है ।

आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को गम्भीरता से लेकर लम्बित समस्त प्रकरणों का त्वरित, उचित व गुणवत्तापरक निस्तारण कराकर शत- प्रतिशत फीड बैक लेना सुनिश्चित करें। महिला हेल्प डेस्क को चैक किया गया एवं आगन्तुक रजिस्टर को चैक कर थाने पर आने वाली महिला फरियादियों की प्रभावी व उचित सुनवाई हेतु निर्देशित किया गया तथा पूर्व वर्ष की कृत कार्यवाहियों को भी चैक किया। तत्पश्चात बन्दी गृह का निरीक्षण किया गया जिसमें उच्चकोटि की साफ-सफाई पाये जाने पर कार्य की सराहना की गयी। इसके बाद थाना शस्त्रागार में रखे सभी शस्त्रों को चैक किया गया साथ ही थाने पर उपस्थित उ.नि., मु.आ., आरक्षियों से शस्त्रों की हैण्डलिंग करायी गयी तथा शस्त्रों की नियमित साफ सफाई करने हेतु निर्देशित किया गया तथा संबंधित को नियमित रूप से शस्त्र हैण्डलिंग का अभ्यास कर्मचारियों को कराने हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया गया तथा थाने पर चलने वाली कम्प्यूटरीकृत जीडी को चैक किया गया तो जीडी अद्यतन पायी गयी । सभी सम्बन्धित को अपने कार्यो को पूर्ण रुचि के साथ करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

थाना पर कार्य सरकार/सूचनाओं का आदान -प्रदान ई-ऑफिस के माध्यम से करने हेतु निर्देशित किया। थाना बार के लम्बित मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया कि वह जल्द से जल्द मालों का नियमानुसार विधिक निस्तारण कराये। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण- दोष के आधार पर विधिक/समयबद्ध निस्तारण करने व मुकदमा से सम्बंधित साक्ष्य को ई-साक्ष्य ऐप पर नियमानुसार समय से अपलोड करने हेतु निर्देशित किया। थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी आदि पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक थाना बार को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन थाने पर आने वाले फरियादियों की शतप्रतिशत जन सुनवाई कर उनकी समस्याओं का विधिक निस्तारण किया जाये तथा लोगो से विनम्र व मधुर व्यवहार रखने हेतु निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना बार को निर्देशित किया गया कि थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम और जमीन या अन्य विभागों से संबंधित प्रकरणों में संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करके उसका उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक बार को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों की चेकिंग कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये।

# संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की द्वितीय अन्तर्विभागिय समीक्षा बैठक सम्पन्न



**ललितपुर।** विकास भवन सभागार में सीडीओ के.के.पाण्डेय की अध्यक्षता में माह अप्रैल 2025 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु द्वितीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता करते हुए सीडीओ ने निर्देश दिए कि जिन विभागों की गतिविधियों की उपलब्धि 100 प्रतिशत से कम हैं, जैसे झाडियों की कटाई, हैन्ड पम्प चबूतरों की मरम्मत कार्य तथा उथले हैन्ड पम्पों का चिन्हीकरण करते हुए लाल रंग से चिन्हित करना एवं ग्रामीण स्तर पर बैठक आयोजित करके चूहे, छछुन्दर स्क्रबटाइफस से होने बाली बीमारियो के प्रति अगले सप्ताह तक 100 प्रतिशत कर लिया जाए। डीपीआरओ को झाडियों की कटाई, ठहरे हुए पानी एवं नालियों की सफाई आदि में पाई गई कमियों को दूर करते हुए गुणात्मक सुधार करने को कहा। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने आशा द्वारा घरों का भ्रमण बढाते हेतु संबन्धित को निर्देशित किया। कहा कि सभी विभाग अपनी गतिविधियों से सम्बन्धित माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें, जिससे जनपद का फीडबैक एवं रैंकिंग राज्य स्तर पर उच्च स्थान पर रहे एवं पिछली कमियों को दूर करते हुए इस अभियान में सभी गतिविधियां माइक्रोप्लान के अनुसार गुणवत्ता शत-प्रतिशत पूर्ण करायें। अभियान में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने अभियान की संक्षिप्त रुप रेखा प्रस्तुत करते हुए विभागों द्वारा किए गये कार्यों की विभागवार द्वितीय सप्ताह की उपलब्धि रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होनें बताया कि इन गतिविधियों के माध्यम से जनपद वासियों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

साथ ही सम्बन्धित विभिन्न विभागों से नियमित सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाया जा रहा है। उन्होनें सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के लिए कहा। जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने गत वर्षों में संचारी रोगों की स्थिति एवं हाई रिस्क ग्रामों की सूची सभी सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध कराते हुए अवगत कराया कि इन गांव में विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई किया जाये।

सभी ब्लॉकों पर 05-05 लीटर लार्वीसाइड दवा उपलब्ध करा दी गयी है तथा तीनों नगर पंचायतों एवं नगर पालिका को भी लार्वीसाइड दवा टेमीफॉस प्राप्त करायी है जो कि डीपीआरओ के सफाई कर्मचारियों के द्वारा गांव में छिड़काव किया जायेगा, जिससे संचारी रोगों से होने वाली बीमारियों से बचाव किया जा सके। खंड विकास अधिकारी द्वारा फागिंग, लार्वीसाइड स्प्रे, एईएस के कारण दिव्यांग बच्चों का चिन्हीकरण कर उनको सहायता/उपकरण प्राप्त कराना होगा एवं उनके द्वारा ग्राम स्तर पर सम्पादित कराये गये कार्य की समीक्षा कर आख्या प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से समन्वय समिति को उपलब्ध करायेगें। बैठक में सीडीओ के.के.पाण्डेय, ए.सी.एम.ओ. एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.वीरेन्द्र सिंह, नोडल वी.बी.डी.डा.आर.एन. सोनी, डा.राजेश भारती, चिकित्सा अधिकारी, बीएसए, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, एस.एम.ओ., डब्लू.एच.ओ., डी.एम.सी. यूनीसेफ, सूचना विभाग आदि के अधिकारी/सहा.मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक, मलेरिया निरीक्षक उपस्थित रहे।

### एडीएम नमामि गंगे की निगरानी में अति संवेदनशील वार्डों के चिन्हित सभी हैंडपंपों की हुई मरम्मत

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में शहर के अतिसंवेदनशील वार्डों के चिन्हित 91 हैण्डपम्पों की मरम्मत पूर्ण हो चुकी है। सभी हैण्डपम्पों से लोगों को पानी मिलने लगा है। इसके अलावा शहर के सभी वार्डों से चिन्हित 181 हैंडपंपों में से 15 अप्रैल तक 170 हैंडपंपो की मरम्मत का कार्य संपन्न कर लिया गया है। ग्रीष्मकल में जलापूर्ति की समस्याओं के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी नामित किया है, जो प्रतिदिन चिन्हित हैण्डपम्पों की मरम्मत का कार्य अपनी निगरानी में करा रहे हैं। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश है, जनपद में मरम्मत हेतु चिन्हित हैंडपंपों को उसी दिन ठीक कराया जाए। इस सम्बंध में एडीएम नमामि गंगे ने जानकारी देते हुए बताया है कि नगर पालिका द्वारा सर्वे उपरांत सूची तैयार कर 272 हैंडपंप जिसमें 91 हैंडपंप रीबोर तथा 181 अवशेष हैंडपंप मरम्मत हेतु दिए गए थे।

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, कासं.।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में दुर्गा चौक भाठागांव निवासी लखन सोनकर 27 वर्ष ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमयू 4667 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में लोधीपारा निवासी प्रदीप साहू 32 वर्ष ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी मेस्ट्रो क्रमांक सीजी 04 केडब्लू 7318 को हटकेश्वर मंदिर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं तीसरे मामले में ग्राम कुरा धरसींवा निवासी प्रार्थी उमंग रजक 24 वर्ष ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमजे 5478 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर,कासं.।** भनपुरी स्थित दुर्गा चौक गोवर्धन नगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 10 हजार सहित हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# नगर निगम ने शहर को सजाने के लिए शुरू की आकर्षक पेंटिंग मुहिम

**भिलाई,एजेंसी।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। शहर के प्रमुख चौंक-चौराहों, फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे, अंडरब्रिज एवं अन्य उपयुक्त स्थलों पर दीवारों को आकर्षक और रंगीन पेंटिंग से सजाया जा रहा है।

यह कार्य खैरागढ़ के इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के अनुभवी कलाकारों द्वारा किया जा रहा है, जो न केवल सौंदर्य बढ़ाता है, बल्कि जन-जागरूकता और पर्यावरणीय संदेश भी देता है। इन पेंटिंग्स की खास बात यह है कि यह वाटरफ्रुप हैं और पानी से साफ करने पर फिर से नए जैसे दिखने लगते हैं।

फिलहाल सुपेला चौक, नेहरू नगर चौक, फ्लाईओवर के खंभों पर स्वच्छता, वृक्षारोपण, प्राकृतिक सौंदर्य और जन-जागरूकता जैसे विषयों पर आधारित चित्र बनाए गए हैं। भविष्य में यह पहल अन्य सभी ज़ोन के प्रमुख चौराहों पर भी लागू की जाएगी। इस सजावट को देखने के लिए राहगीर और स्थानीय नागरिक सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं। इस पर नगर निगम ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सेल्फी लेते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सड़क पर वाहन खड़ा करके फोटो न लें, क्योंकि इससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। नगर निगम ने नागरिकों से यह भी अपील की है कि इन सुंदर पेंटिंग्स के पास गंदगी न फैलाएं और उन्हें नुकसान न पहुंचाएं। स्वच्छता बनाए रखने में जनता की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, नगर निगम ने सभी बैनर-पोस्टर लगाने वाली एजेंसियों को सख्त निर्देश जारी किया है कि निगम की लिखित अनुमति के बिना किसी भी स्थान पर कोई बैनर या पोस्टर नहीं लगाया जाए। ऐसा करना नगर निगम अधिनियम 1956 के तहत अवैध माना जाएगा, और उल्लंघन करने वाली एजेंसियों पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एजेंसी का ट्रेड लाइसेंस भी निरस्त किया जा सकता है।

**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की बस्तर अंचल को बड़ी सौगात**

# जगदलपुर में जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय का शुभारंभ

### बस्तर अंचल के सिंचाई के कार्यों में आएगी तेजी

**रायपुर,कासं.।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज बस्तर संभाग को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने जगदलपुर में जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय का शुभारंभ किया। इस कार्यालय के प्रारंभ होने से बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के विभागीय कामकाज में काफी सुविधा होगी।

जल संसाधन से संबंधित निर्माण कार्यों के सर्वेक्षण, डीपीआर निर्माण और तकनीकी स्वीकृति में तेजी आएगी। पहले इन कार्यों की स्वीकृति के लिए रायपुर जाना पड़ता था। अब ये काम संभागीय मुख्यालय बस्तर में ही हो सकेंगे।

जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप के विशेष पहल से शुरू हुए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता नवीन कार्यालय में विभिन्न स्तरों पर अधिकारी और कर्मचारी की नियुक्ति के लिए भी बजट में स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में यह कार्यालय जगदलपुर के अधीक्षण अभियंता कार्यालय इंद्रावती परियोजना मंडल भवन के ऊपरी तल में संचालित हो रहा है। मुख्य अभियंता जल संसाधन कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर श्री किरण सिंह देव, विधायक चित्रकोट श्री विनायक गोयल, नगर निगम महापौर श्री संजय पांडेय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदमती कश्यप, वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री निवास राव मद्दी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, जल संसाधन विभाग के प्रभारी मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के. एस. भंडारी और जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

रजिस्ट्री सं. डी.एल.—33004 / 99 REGD. No. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.—यू.पी.—अ.—01042025—262155
CG-UP-E-01042025-262155

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3—उप—खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1517] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 29, 2025 / चैत्र 8,1947
No. 1517] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 29, 2025/CHAITRA 8,1947

रेल मंत्रालय
उत्तर मध्य रेलवे (निर्माण विभाग)
अधिसूचना
प्रयागराज, 10 मार्च, 2025

**का.आ. 1535 (अ).**- केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) रेल संशोधन अधिनियम, 2008 (2008 का 11) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20 क की उपधारा (1) के अधीन भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड- 3. उपखण्ड (ii), तारीख **28 अक्टूबर, 2024** में प्रकाशित भारत सरकार के रेल मंत्रालय (उत्तर मध्य रेलवे निर्माण संगठन) की अधिसूचना सं0 का0 आ0 4701(अ) तारीख 11 **सितम्बर, 2024** द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य के अलीगढ़ जिले में विशेष रेल परियोजना, अलीगढ़-दाउद खाँ तीसरी रेल लाईन (6.9 कि0मी0) एवं दाउद खाँ में फ्लाईओवर निर्माण के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंध और प्रचालन के लिए उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी।

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 20 क की उप-धारा (4) के अधीन तारीख 08 नवम्बर, 2024 के "दैनिक हिन्दुस्तान और अमर उजाला" दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया था। और अलीगढ़ जिले की भूमि के सम्बन्ध में कोई भी आक्षेप प्राप्त नहीं हुऐ और उक्त अधिनियम की धारा 20ड़ की उप धारा (1) के अनुसरण में, सक्षम प्राधिकारी ने अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत कर दी है।

अतः अब केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट के प्राप्त होने पर रेल अधिनियम, 1989 की धारा 20ड़ की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है, कि इससे उपाबद्धअनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्तप्रयोजन के लिए अर्जन किया जाएगा।

और कि केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 20ड़ की उप धारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है, कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर इससे उपाबद्धअनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर पूर्ण रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित होगी।

**अनुसूची**

**उ0 प्र0 राज्य में प्रस्तावित रेलवे परियोजना अलीगढ़-दाउद खाँ तीसरी रेलवे लाईन (6.9 कि0मी0) एवं दाउद खाँ में फ्लाई ओवर के अन्दर संरचना सहित या उनके बिना आने वाली निजी/कृषि/अकृषिक भूमि का संक्षिप्त विवरण**

| क्र. सं. | जिले का नाम | तहसील का नाम | ग्राम का नाम | सर्वेक्षण/ गाटा संख्या | क्षेत्रफल है0 में | प्रभावित काश्तकार मय बल्दियत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अलीगढ़ | कोल | चिरौली दाउद खाँ | 70 | 0.0054 | जीतेन्द्र पाल सिंह/प्रेमपाल सिंह, नि0 हाजीपुर फतेह खाँ, गोपाल प्रसाद/ चेतन स्वरूप, नि0 मानिक चैक, शहर, अलीगढ़, देवेश्वरी देवी/ सत्यवीर सिंह, नि0 लच्छिम पुर मेलरोज बाईपास, अलीगढ़, भूपेन्द्र सिंह/जसवीर सिंह, नि0 नटराजपुरम, जी0टी0 रोड अलीगढ़, शिव कुमार/ गया प्रसाद, दिनेश कुमार/गया प्रसाद, नि0 हरी नगर, अलीगढ़, सुमनलता शर्मा/चन्द्रशेखर, नि0 छर्रा, प्रफुल्ल कुमार शर्मा/शिव कुमार शर्मा, नि0 खिरसौली, तहसील इगलास, जिला अलीगढ़, रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड/ भारत सरकार/मुख्य परियोजना प्रबन्धक/डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, लि0 कानपुर |
| | | | | 69 | 0.0428 | नागेन्द्रपाल सिंह/शंकरपाल सिंह, ओम प्रकाश/रनवीर सिंह, नि0 हाजीपुर फतेह खाँ, रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड/भारत सरकार/मुख्य परियोजना प्रबन्धक/डेडीकेटेड फ्रेड कॉरिडोर, लि0 कानपुर |
| | | | | 68 | 0.0433 | कन्छी सिंह/नेत्रपाल सिंह, नि0 ग्राम, महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 सराकर द्वारा वसीम अख्तर पुत्र शमी उल्लाह अंसारी सहायक अधिकारी लो0नि0वि0 खण्ड-1 अलीगढ़, गोपाल सिंह/जयपाल सिंह/ नि0म0 नं0-1/57 जी सिंह विहार कालौनी संजय गांधी कालौनी नौंरगाबाद अलीगढ़, राजवीरी/रवेन्द्र कुमार, नि0 रहमतपुर गढ़मई, मनोज कुमार शर्मा, पुत्र रामबाबू शर्मा, नि0 551 पुलिस स्टेशन क्वार्सी सूर्य सरोवर, अलीगढ़ रूबी देवी पत्नी अनिल कुमार, नि0 पलासाहिबाबाद कबीरनगर, तहसील कोल जिला अलीगढ़, रमेश चन्द्र सैंगर पुत्र निर्भय सिंह, नि0 होडिल नगर, अलीगढ़, अविनाश गौड पुत्र जे0पी0गौड नि0 गली नं0-9 ज्वालापुरी, तहसील कोल जिला अलीगढ़, श्रीमती मीनाक्षी सिंह पत्नी राम सिंह, नि0 महावीर नगर कालौनी भदेसी अलीगढ़, हरपाल सिंह/नेत्रपाल सिंह, नि0 मुकन्दपुर, गीता सिंह पत्नी शेलेन्द्र विक्रम नि0 केशोपुर गडराना, तहसील कोल अलीगढ़, दिनेश चन्द्र कुशवाहा पुत्र रामजीलाल नि0 कृष्णा नगर गली नं0-3 जी0टी0रोड़, धनीपुर अलीगढ़, अमन गुप्ता पुत्र हरीशंकर गुप्ता, नि0 17/190 बी दूसरा मथुरा रोड़ सुम्मेर नगर के पास सासनी गेट अलीगढ़, प्रवण कुमार शर्मा/शिव कुमार शर्मा, प्रफुल्ल कुमार शर्मा/शिव कुमार शर्मा, नि0 खिरसौली तहसील इगलास, ज्योति बंसल/सुबोध बंसल/नि0 धनीपुर कोल अलीगढ़, दयाशंकर शर्मा/पन्नालाल शर्मा नि0-24 हरीनगर अलीगढ़, मेहश चन्द्र बंसल/नेत्रपाल बंसल, सचिन अग्रवाल/महेश चन्द्र अग्रवाल, सुबोध बंसल/महेश बंसल नि0 विकास लोक कालौनी, धनीपुर,अलीगढ़, हिना/ मनोज कुमार नि0 सराय का बातुर्क मानगेट, अलीगढ़, राज कुमार शर्मा/चरन सिंह शर्मा नि0 गोपल पुरी पला रोड़ अली0, मोहित माहेश्वरी, जयनरायन माहेश्वरी, रोहित माहेश्वरी/जयनरायन माहेश्वरी, अमित माहेश्वरी/जयनरायन माहेश्वरी, नि0-पीपल वाली गली जयगंज, रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड/ भारत सरकार/ मुख्य परियोजना प्रबन्धक/ डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, लि0 कानपुर |
| | | | | 86 | 0.0019 | चकरोड/रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड/भारत सरकार/मुख्य परियोजना प्रबन्धक/ डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, लि0 कानपुर |
| | | | | 92 | 0.0845 | अरूण कुमार सिंह/चन्द्रपाल सिंह, नि0 17 राधिकापुरम गगन स्कूल के सामने आगरा रोड अलीगढ़, अशोक कुमार/विजेन्द्र पाल सिंह/नि0 मौ0 छिपैटी कस्वाव तहसील सासनी, हाथरस, उदयवीर सिंह/भवंरपाल सिंह, नि0 हाजीपुर फतेहखॉ, ओवेश कुमार/अमर सिंह, नि0 जहागीर पुर, तह0 वजिला हाथरस, गौरव शर्मा/ उदयवीर शर्मा, नि0 सुरेन्द्र नगर, अलीगढ़, धीरेन्द्र कुमार सैंगर/ राजेन्द्र सिंह, नि0 खुशाल गढ़, तहसील सिकन्द्राराऊ हाथरस, महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 सरकार/ द्वारा अधि0अभि0, लो0नि0 खण्ड-1/अलीगढ़, यशवीर सिंह/विजय सिंह, नि0 वैष्णों धाम कालौनी, जी0टी0 रोड धनीपुर अलीगढ़, श्यौराज सिंह/भवंरपाल सिंह, श्यौवीर सिंह/भवंरपाल सिंह, सोमेश चन्द्र मदनावत/महेन्द्र सिंह, नि0 नगला आल, तह0 सिकन्द्राराऊ हाथरस, रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड/ भारत सरकार/मुख्य परियोजना प्रबन्धक/डेडीकेटेड फ्रेन्ट कोरिडोर/ लि0 कानपुर |
| | | | | 91 | 0.0329 | पातीराम/दुर्गा, सरोज/ मवासी, पवन/मवासी, होतीलाल/नन्नूमल, विनोद कुमार/लखमी, जगमोहन सिंह/लखमी, सावित्री देवी/लखमी नि0-हाजीपुर फतहखाँ, रामगोपल/ रामप्रसाद, रामवती/ रामगोपाल, नि0ग्राम, राजेश/ शिवचरन, राजकुमार/शिवचरन, ललित/ शिवचरन, निर्मला देवी/ शिवचरन, नि0 हाजीपुर फतेहखाँ हरदेवी/ रसपाल सिंह, जगदीश/ रसपाल सिंह, इन्द्रपाल सिंह/रसपाल सिंह नि0 ग्राम, रेल मन्त्रालय रेलवे बोर्ड/भारत सरकार/मुख्या परियोजना प्रबन्धक/ डेडीकेटेड फ्रेन्ट कोरिडार/ लि0 कानपुर |
| | | | | 90 | 0.0062 | नवीन परती, रेल मन्त्रालय रेलवे बोर्ड/भारत सरकार/मुख्य परियोजना प्रबन्धक/डेडीकेटेड फ्रेन्ट कोरिडोर/ लि0 कानपुर |
| | | | | 94 | 0.071 | शैलेन्द्र कुमार/अशोक कुमार सिंह, मुनेन्द्र कुमार/अशोक कुमार सिंह, नि0 ग्राम, ओम प्रकाश सिंह/सोनपाल सिंह, सर्वेश कुमार/लटूरी सिंह, अनिल कुमार/ बच्चू सिंह, सुनील कुमार/बच्चू सिंह, जयप्रकाश/बच्चू सिंह, कमलेश/बच्चू सिंह (जाति जाटव), नि0 हाजीपुर फतेहखाँ, सरोज देवी/अशोक कुमार सिंह, नि0 ग्राम, रेल मन्त्रालय रेलवे बोर्ड/भारत सरकार/मुख्य परियोजना प्रबन्धक/डेडीकेटेड फ्रेन्ट कोरीडोर/ लि0 कानपुर |
| | | | | 95 | 0.0777 | राजबहादुर राना/रामकिशोर, राजीव राना/राम किशोर, पूरन देवी/राम किशोर, मुकेश कुमार/जानकी प्रसाद, चन्द्र प्रकाश/जानकी प्रसाद, प्रमोद कुमार/जानकी प्रसाद, चन्द्रपाल सिंह/श्रीराम, श्यौदान सिंह/श्रीराम, राम किशोर/मोती राम, सुमित्रा देवी/ रामबाबू, नन्नूमल/जोरावर, नि0 ग्राम, रूबी देवी/बलवीर सिंह नि0 कुंवर नगर कालौनी, पो0 धनीपुर, अलीगढ़, भूपेन्द्र सिंह/मुरली सिंह नि0 कैथल, तह0 अतरौली, अलीगढ़, भीमराव सिंह/फूल सिंह, नि0 धिमरपुरा समामई रूहलत ह0 सासनी, जिला हाथरस, जयंती प्रसाद/रामस्वरूप सिंह, नि0 नगलाहरिया समामईरूहल, तह0 सासनी, जिला हाथरस, रामकिशन/अन्तराम नि0मौ0 बड़ाकाजीखेल तहसील शिकार पुर, जिला बुलन्दशहर, हा0 नि0 बिजाहरी, तहसील सासनी, जिला हाथरस, उत्तम चन्द्र विमल/ रामप्रसाद व आरती देवी/राजेश कुमार, नि0 धिमरपुर समामई रूहलत ह0 सासनी, जिला हाथरस, उर्मिला देवी पत्नी प्रेम सिंह, नि0 ए-85 फ्लैट नं0-8 पर्यावरण काम्पलैक्स नई दिल्ली, उदय सिंह/रामस्वरूप व अतुल कुमार/ रामस्वरूप, नि0 हरियानगला, तहसील सासनी, टेकचन्द्र सिंह/गैंदा सिंह, नि0 रूस्तमपुर सकतखाँ आगरा रोड़, अलीगढ़ राजेन्द्र सिंह राना/उदय सिंह, नि0 समामईत ह0 सासनी, जिला हाथरस, शीला देवी/धर्म सिंह, सत्यवीर/धर्म सिंह, शिवचरण/धर्म सिंह, रूप सिंह/धर्म सिंह, शिवलाल/ धर्म सिंह, नि0 ग्राम, रेल मन्त्रालय रेलवे बोर्ड/भारत सरकार/मुख्य परियोजना प्रबन्धक/डेडीकेटेड फ्रेन्ट कोरीडोर/लि0 कानपुर |
| | | | | | **0.3657** | |

[ ई.फा.सं.-एन.सी.आर.-एच.क्यू.शून्य.सी.ई.एन.जी. (मिस)/55/2022-ओ./सी./ई./ कांस्ट/नार्थ/एच.क्यू./एन.सी.आर.(कम्प्यूटर सं. 71372)]

649/25 (AS) विपिन कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माण

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

# ग्वालियर की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने को लेकर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक

## जिले के प्रभारी मंत्री श्री सिलावट एवं मंत्रिगण श्री कुशवाह व श्री तोमर की मौजूदगी में हुई बैठक

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा उन्नत स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**ग्वालियर/भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने ग्वालियर क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने को लेकर भोपाल स्थित मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक ली और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्वालियर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी व खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह और ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की मौजूदगी में यह बैठक हुई। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट एवं मंत्री द्वय श्री कुशवाह श्री तोमर ने जेएएच सहित जिले के अन्य अस्पतालों की आवश्यकताओं के संबंध में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही कार्यों के प्रस्ताव भी रखे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जयारोग्य अस्पताल, ग्वालियर में सीटीवीएस (कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी) विभाग के आवश्यक पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव तैयार करने और अस्पताल भवन के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों को शीघ्रता एवं प्राथमिकता से पूर्ण



करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जेएएच समूह सहित ग्वालियर के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में अधोसंरचना विकास, मानव संसाधन (चिकित्सकीय स्टाफ) व उपकरण उपलब्धता की विस्तारपूर्वक समीक्षा की और सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय एवं जयारोग्य चिकित्सा समूह की आवश्यकताओं जैसे-नवीन पीजी छात्रावास, नवीन सभागार, अकादमी भवन, टीबी अस्पताल, आवास आदि के संबंध में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के समक्ष प्रस्ताव रखे।

साथ ही रिक्त प्रोफेसर के पदों की पूर्ति के लिये प्रस्ताव रखा। उन्होंने जिले के भवन विहीन उप स्वास्थ्य केन्द्रों के नवीन भवन निर्माण, कार्यालय भवन, अल्ट्रासाउण्ड मशीन, डॉक्टर्स एवं अन्य स्टाफ की पूर्ति के संबंध में चर्चा कर प्रस्ताव रखे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विभागीय अधिकारियों को ग्वालियर क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिये जल्द से जल्द आवश्यक स्वीकृतियां जारी करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

# पीएम केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में कक्षा एक के लिए उन्मुखीकरण का आयोजन किया

**ग्वालियर।** शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए कक्षा 1 का उन्मुखीकरण कार्यक्रम 15-04-2025 को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 ग्वालियर में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य कक्षा 1 के नए छात्रों और उनके अभिभावकों का स्कूल कॉन्फ्रेंस हॉल में गर्मजोशी से स्वागत करना था। यह कार्यक्रम स्कूल कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया और इसमें प्रिंसिपल (श्री राजेश पांडे), हेड मिस्ट्रेस (डॉ. भारती यादव), फैकल्टी मेंबर्स, कक्षा 1 के शिक्षक, अभिभावक और छात्र शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत अभिनंदन से हुई, उसके बाद पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन समारोह हुआ, उसके बाद स्वागत गीत और प्रधानाचार्य द्वारा संबोधन हुआ, जिसमें उन्होंने नन्हे-मुन्नों को स्कूल के विजन, मूल्यों और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद केंद्रीय विद्यालय पर सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया



गया।प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक तरीके से कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रधानाध्यापिका डॉ. भारती यादव ने कक्षा 1 के अध्यापकों का परिचय कराया तथा पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धतियों और कक्षा की दिनचर्या का संक्षिप्त विवरण दिया। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय के बुनियादी ढांचे और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। अभिभावकों को मूल्यांकन विधियों, संचार चैनलों और विद्यार्थियों से अपेक्षाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। बच्चों को उनके नए परिवेश से परिचित कराने के लिए इंटरैक्टिव गतिविधियों का आयोजन किया गया।

सभी विद्यार्थियों को स्वागत और उपहार का एक छोटा सा प्रतीक दिया गया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 1 के अभिविन्यास कार्यक्रम के लिए नियुक्त सभी टीम सदस्यों की सराहना की गई।

# जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का अधिकारी त्वरित निराकरण करें - जिला सीईओ

## 15 अप्रैल को जनसुनवाई में 77 आवेदन प्राप्त हुये

**मुरैना,कांस।** शासन के निर्देशानुसार जनसुनवाई प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 से दोपहर 01 बजे तक करने के निर्देश हैं। निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने 15 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान कुल 77 आवेदन प्राप्त हुये, उनमें से 1 आवेदन ऐसा पाया, जिसका निराकरण टीएल बैठक में संभव था। उसे उत्तरा पोर्टल पर ई-गवर्नेंस द्वारा अपलोड किया गया। जनसुनवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी, श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा, नायब तहसीलदार सुश्री दीप्ती खरे सहित समस्त विभागों के जिलाधिकारी एवं अधीनस्थ कर्मचारी उपस्थित थे।



जनसुनवाई के दौरान सबलगढ़ विकासखंड के ग्राम बेरई गिर्द निवासी श्रीमती प्रीति ने आवेदन प्रस्तुत किया कि मेरे पति स्वर्गीय श्री सुरेन्द्र जाटव मजदूरी कार्य के लिये चेन्नई में गये हुये थे, वहां एक्सीडेंट होने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। मेरे पास तीन बच्चे हैं। उनका पालन-पोषण करना मेरे लिये कठिन हो गया है। पारिवारिक स्थिति खराब है। मेरे ससुर साहब पर मात्र 1 बीघा भूमि है, जिसके सहारे बच्चों का पालन पोषण मेरे लिये कठिन बनता जा रहा है। जिला सीईओ श्री कमलेश कुमार भार्गव ने आवेदन पर विचार किया और तत्काल जनपद सीईओ सबलगढ़ को निर्देश दिये कि श्रीमती प्रीति का बीपीएल कार्ड बनवायें एवं विधवा पेंशन और संबल योजना में नियमानुसार कार्यवाही करें। इसके अलावा उनके तीनों बच्चों को पढ़ने के लिये स्कूल में निःशुल्क दाखिला कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, नगर निगम, पेयजल, राशन, बीपीएल, अनुग्रह सहायता सहित अन्य संचालित कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने भी जनसुनवाई में आवेदन दिये। जनसुनवाई के दौरान जिला सीईओ ने सभी को बारी-बारी से सुना और उनकी समस्याओं का समाधान त्वरित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

# शहर के बीचों बीच स्थित बेशकीमती सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई

## मशीनों की मदद से ध्वस्त किए गए बेजा कब्जे, सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए विशेष मुहिम जारी

**ग्वालियर।** सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये जिले में चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत जिला प्रशासन की टीम ने शहर के बीचों बीच स्थित बेशकीमती माफी औकाफ की लगभग 10 हजार वर्गफुट जमीन से मशीनों की मदद से बेजा कब्जे हटवाए। मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर एसडीएम लश्कर श्री नरेन्द्र बाबू यादव के नेतृत्व में गई संयुक्त टीम ने कोटा लश्कर क्षेत्र में यह कार्रवाई की है। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन की कीमत लगभग 2 करोड़ रूपए आंकी गई है। एसडीएम श्री नरेन्द्र बाबू यादव ने बताया कि ग्राम कोटा लश्कर स्थित सर्वे क्र.-199 माफी औकाफ की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा पक्के निर्माण कर बेजा कब्जे कर लिए थे। इन बेजा कब्जों को मंगलवार को हटवाया गया। उन्होंने बताया कि इस



सर्वे क्र. में लगभग 4 हजार वर्गफुट में पपलू खान द्वारा संचालित किया जा रहा स्टील अलमारी कारखाना, सायरा खान द्वारा लगभग 1800 वर्गफुट क्षेत्र में बनाया गया अवैध मकान, विमला कुशवाह द्वारा 3500 वर्गफुट मंब बनाई गई बाउण्ड्रीवॉल एवं लगभग एक हजार वर्गफुट में बना एक अवैध मकान मशीनों की मदद से ध्वस्त कराए गए। इस प्रकार कुल 10 हजार वर्गफुट सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई है। अतिक्रमण हटाने के लिये गई टीम में तहसीलदार लश्कर श्री विनीत गोयल व श्री शिवदत्त कटारे, जनकगंज थाना प्रभारी व पुलिस बल तथा नगर निगम का मदाखलत दस्ता शामिल था।

# कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 122 लोगों की समस्याओं की हुई सुनवाई



**ग्वालियर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में 122 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, एडीएम श्री टी एन सिंह तथा संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेश कुमार बरहादिया व श्री संजीव जैन सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक ङ्क एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। जन-सुनवाई में प्राप्त हुए 122 आवेदनों में से 50 दर्ज किए गए। शेष 72 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश सभी एसडीएम को दिए गए।जनसुनवाई में मदद की आस में पहुँचे जरूरतमंदों के निऱ्शुल्क इलाज का इंतजाम भी कराया।

# हिगौना खुर्द में दलित युवक की हत्या को लेकर परिजन बैठे पीएम हाउस पर धरने पर

## प्रशासन ने मांगे पूरी करने का दिया आश्वासन, मांगे पूरी नही होने पर होगा आंदोलन





**मुरैना,कांस।** गत दिवस डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर डीजे बजाने को लेकर सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम हिगौनाखुर्द में दबंगो एवं दलितो के बीच डीजे को लेकर कहा सुनी हो गई इसी कहासुन ने बडा रूप ले लिया और गॉव के गुर्जर समाज के लोगो ने छत पर से ताडवतोड गोलिया चलाई जिसमें संजय पिप्पल सैमिल उम्र 20 साल निवासी जगमन का पुरा की मौके पर ही मौत हो गई वही रानू दोनेरिया गोली से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उचित उपचार के लिए ग्वालियर रैफर किया गया है। जहॉ उसका उपचार चल रहा है। 14 अप्रेल को रात्रि में हुई इस घटना के बाद पूरा गॉव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। मृतक को उसके परिजन पुलिस को उठाने नही दे रहे थे, पुलिस के आला अधिकारियो की काफी समझाइस के बाद रात में पुलिस शव को मुरैना लाकर पीएम हाउस में रखवा दिया गया था, तथा आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर उनके ठिकानो पर दविश देकर कुछ आरोपियो को गिरफ्तार किया जा चुका है। सुबह पोस्ट मार्डम हाउस में बडी संख्या में जाटव समाज सहित अन्य समाजो के लोग एकत्रित हो गए और परिजन एवं समाज के लोग पोस्ट मार्डम हाउस पर ही पांच सूत्रीय मांगो को लेकर धरने पर बैठ गए। उनकी मांगे थी कि पीडित परिवार को शस्त्र लायसेन्स दिए जाए, आरोपियो के शस्त्र लायसेन्स निरस्त किए जाए, पीडित परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी दी जाए, आरोपियो के मकान तोडे जाए तथा पीडित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। पोस्ट मार्डम हाउस पर धरने पर बैठे लोगो के बीच अपर कलेक्टर श्री सी.बी प्रसाद पहॅुचे और उनकी मांगो को लेकर कहा कि प्रशासन द्धारा पीडित परिवार को शस्त्र लायसेन्स स्वीकृत कर दिए जायेगें, आर्थिक सहायता के लिए कलेक्टर के माध्यम से शासन को पांच लाख रूपये का भेजा जायेगा, आरोपियो के शस्त्र लायसेन्स निरस्त किए जायेगें तथा उनके मकानो को जमीदोज करने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के हिसाब से कार्यवाही की जायेगी।

इस मौके पर बडी संख्या में ग्रामीण एवं परिजन तथा राजनैतिक लोग शामिल थे, इस मौके पर जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार,महापौर शारदा सोलंकी, बसपा अध्यक्ष दीपेन्द्र बौद्ध, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, भीम आर्मी मनोज सैमिल, कुलदीप सिकरवार उपस्थित थे। जिन्होने कहा कि एक माह के भीतर प्रशासन द्धारा मांगे पूरी नही करने पर धरना आंदोलन होगा।



### पीड़ित परिवार को जनप्रतिनिधियों ने की एक-एक लाख देने की घोषणा

बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर जी जयंती के दौरान हुई घटना में मृत परिवार के साथ पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे पूर्व लोकसभा प्रत्याशी पूर्व विधायक श्री सत्यपाल सिंह सिकरवार ने कलेक्टर एवं प्रशासन से मांग की है कि मृतक के परिजनों को परिवार पालन के लिए उचित राशि दी जाए इस अवसर श्री सत्यपाल सिंह सिकरवार ने मानवता की पहल करते हुए अपनी तरफ से एक लाख रुपए की घोषणा की फिर बाद में श्री कुलदीप सिंह सिकरवार ने भी एक लाख रुपए की घोषणा की और जौरा विधायक श्री पंकज उपाध्याय ने भी एक लाख रुपए की घोषणा की वहीं फिर मुरैना महापौर ने भी एक लाख रुपए की घोषणा इस अवसर बीस बीस हजार रुपए की घोषणा अन्य लोगों ने की इन रुपयों से परिवार के सदस्य की कमी पूरी नहीं हो सकती है लेकिन परिवार का लालन-पालन सरल हो सकता है इस अवसर मुरैना प्रशासन से आगृह किया है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# शासकीय पौधशाला मुरैना पर फलबहार की नीलामी 25 अप्रैल को

**मुरैना,कांस।** शासकीय पौधशाला के उद्यान अधीक्षक ने बताया है कि शासकीय पौधशाला मुरैना पर आम फलबहार की नीलामी वर्ष 2025-26 हेतु रोपणी पर 25 अप्रैल, 2025 को अमानती राशि सहित दोपहर 02 बजे नियत की गई है। उद्यान अधीक्षक ने बताया कि संबंधित नीलामी क्रेता रोपणी में आम फलबहार का अवलोकन कर सकते है। नीलामी की शर्ते शासकीय पौधशाला कार्यालय एवं सहायक संचालक उद्यान मुरैना में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है। उद्यान अधीक्षक ने बताया कि नीलामी में पूर्व बोलीकर्ता को अमानती राशि जमा करनी होगी। बोली 100 के गुणांको में लगानी होगी, सफल सफल बोलीकर्ता को एक मुश्त राशि उसी समय जमा करनी होगी। सफल बोलीकर्ता नर्सरी पर पालतू पशु आदि नहीं रखेगा। असफल नीलामी क्रेताओं को अमानती राशि उसी दिन वापस कर दी जायेगी। क्रेता द्वारा फल तोड़ते समय किसी अन्य फल पौध एवं अन्य सामग्री का नुकसान होता है तो क्रेता को भरपाई करनी होगी। नीलामी मान्य एवं अमान्य करने का पूर्ण अधिकार नीलामी के लिये गठित समिति का होगा। बोली के बाद प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान के लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। आम फलबहार का अवलोकन कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। बोली लगने के बाद फलबहार की रक्षा करने की जबावदारी क्रेता की होगी। आवश्यकतानुसार प्रादर्श हेतु आम फल उद्यान विकास अधिकारी शासकीय पौधशाला मुरैना विकासखण्ड को प्रदाय करने होंगे। फल तोड़ने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 होगी।



# जल है तो कल है। जल ही जीवन है, जल के महत्व को समझें : सतीश सिंह तोमर




**पोरसा।** जल है तो कल है। जलही जीवन है। जब को संरक्षित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। आज हम जल के महत्व को समझें तथा संरक्षित करें, तो यही वावा भीमराव अंबेडकर को होगी सच्ची श्रद्धांजलि। यह बात पूनम समाज सेवा समिति पोरसा व भूमिजा महिला मंडल तथा श्री 108 विजय रामदास शिक्षा समिति द्वारा आयोजित शा. सी.एम, राइज उ0मा0वि0 पारसा के प्रांगण में जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर सतीष सिंह तोमर जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् ने कही। वे मुख्य अतिथि की आसंदी से वोल रहे थे।

### वार्ड 39 में स्वीकृति के विपरीत निर्माण को निगम अमले ने हटाया

**ग्वालियर।** नगर निगम के अमले द्वारा वार्ड 39 स्थित बाई साहब की परेड में बन रही मल्टी में स्वीकृति के विपरीत किए गए निर्माण को हटाने की कार्रवई की गई। भवन अधिकारी श्री पवन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड 39 बाई साहब की परेड पाटणकर का बड़ा में स्वीकृति की विपरीत किए गए अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की गई है।

### टीएल बैठक होगी 16 अप्रैल को

**मुरैना,कांस।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में टीएल बैठक 16 अप्रैल, 2025 को प्रातः 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित की गई है। बैठक में समस्त अधिकारी समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।


# कार्यालय नगर परिषद बानमौर जिला मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/2025/558 — बानमौर, दिनांक 11/04/2025

## //द्वितीय ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना//

एतद् द्वारा केंद्रीकृत प्रणाली पंजीकृत ठेकेदारों /पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है । कि इस निकाय को नीचे वर्णित कार्य की ऑनलाइन निविदायें ई - टेंडरिंग के माध्यम से ई निविदा वेबसाइट www.mptenders.gov.in आयटम दर के आधार पर निविदा प्रपत्र - सी पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाखों में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_416506_1 | वार्ड क्र. 01 से 15 तक सभी वार्डो में रोड पर स्पीड ब्रेकर कृय (स्टोलेशन सहित) (द्वितीय ऑनलाईन निविदा) | 30 दिवस एवं 2,50,000/- | 2000/- एवं 2500/- | 21.04.2025 |
| 2. | 2025_UAD_416488_1 | वार्ड क्र. 10 में ए.बी. रोड पर उपाध्याय के मकान से फूलगंज तक नाले पर प्रीकास्ट रखवाने बावत् (स्पेसीफिकेशन) (Annex.-1 (A) के अनुसार) | 15 दिवस एवं 5,90,556/- | 2000/- एवं 6000/- | 28.04.2025 |
| 3. | 2025_UAD_416489_1 | वार्ड क्र. 14 में मनोज खटीक के मकान से भारत सिनेमा तक नाले पर प्रीकास्ट रखवाने बावत् (स्पेसीफिकेशन Annex.-1 (A) के अनुसार) | 15 दिवस एवं 3,04,572/- | 2000/- एवं 3500/- | 28.04.2025 |

नोट ऱ-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बानमौर**

# वनवासी मजदूर भाई-बहनों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने किया अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के 7वें अधिवेशन का शुभारंभ



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के 7वें अधिवेशन के शुभारंभ सत्र में सम्बोधित करते हुए कहा कि मजदूर भाई-बहनों की सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए भोपाल में विभागों से समन्वय कर काम किया जाएगा। वनवासी भाई-बहनों तथा सभी वर्ग की बेहतरी के लिए कार्य करने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सरकार ने इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4800 मजदूर भाई-बहनों के 224 करोड़ रुपए का बकाया भुगतान करवा दिया है। रतलाम की सज्जन मिल के मजदूरों का बकाया भुगतान भी शीघ्र करवा दिया जाएगा। सरकार की ओर से औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर तलाशने के लिए औद्योगिक निवेश के लिए संभागीय स्तर पर रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर उद्योगपतियों के साथ अनुबंध किए गये हैं। भोपाल में 9वीं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की गयी। इसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति में प्रदेश में उद्योगों को बढावा देने और रोजगार के अवसर तलाशने के कार्य किए गए हैं। प्रदेश में रोजगारमूलक उद्यम स्थापित करने वाले उद्योगपतियों को जमीन आवंटन, विद्युत बिल में छूट देते हुए 70 प्रतिशत तक सरकार द्वारा सबसिडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के हित में करेंगे काम, और काम के लेंगे पूरे दाम, यह भारतीय मजदूर संघ का नारा है। सरकार की ओर से देशहित में काम करने वाले मजदूरों को उनका पूरा हक दिया जाएगा। वस्त्र उद्योग में कार्य करने वाले श्रमिकों को प्रति मजदूर 5 हजार रुपए प्रति माह अनुग्रह राशि देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अलीराजपुर क्षेत्र के मजदूर भाई-बहन काम की तलाश में गुजरात राज्य की सूरत स्थित हीरा फैक्ट्री में कार्य पर जाते हैं, इसके लिए अब अलीराजपुर में ही हीरा फैक्ट्री के माध्यम से रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

गंभीर बीमारी के समय गरीबों/मजदूरों के उपचार के लिये एयर एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से अन्यत्र भेजने की व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है। गरीबों के उपचार के लिये प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना में निजी चिकित्सालयों में भी उपचार की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार और झाबुआ जिले में भी मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे, जिससे वनवासी जिलों में पढ़ाई एवं उपचार की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो सके।

### संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने बीएसएनएल के 27 मुख्य महाप्रबंधकों और वरिष्ठ अधिकारियों से की मुलाकात, बीएसएनएल की विकास यात्रा के सह-चालक बनने का किया आग्रह

## संचार भवन में मंत्री सिंधिया ने बैठक आयोजित की, बीएसएनएल टीम को हर महीने बैठक कर सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं और चुनौतियों पर चर्चा करने का निर्देश



**दिल्ली/ग्वालियर,नसं.।** संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने आज बीएसएनएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रॉबर्ट रवि, वरिष्ठ अधिकारियों और बीएसएनएल के सभी 27 सर्किलों के मुख्य महाप्रबंधकों के साथ बैठक की।

**बीएसएनएल की विकास यात्रा के सह-चालक बनें: सिंधिया**

बीएसएनएल टीम को संबोधित करते हुए मंत्री सिंधिया ने सभी सदस्यों से बीएसएनएल की विकास यात्रा के सह-चालक बनने का आह्वान किया और कार्यों के विकेंद्रीकरण की आवश्यकता पर बल दिया ताकि संस्था के प्रत्येक कर्मचारी को सशक्त किया जा सके और उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने प्रत्येक सीजीएम से अपने कनिष्ठों की क्षमताओं के निर्माण के लिए कार्य करने और उनमें जोश भरने की अपील की।

**आपने बीएसएनएल को लाभ में लाया, इस गति को बनाए रखना है : सिंधिया**

मंत्री सिंधिया ने कहा कि बीएसएनएल ने 18 वर्षों में पहली बार शुद्ध लाभ कमाया है और यह उपलब्धि बीएसएनएल परिवार के प्रत्येक सदस्य की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने टीम से आग्रह किया कि इस गति को बनाए रखें और दीर्घकालिक सफलता के लिए ग्राहक जोड़ने और बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करें। हर महीने होगी बीएसएनएल टीम की बैठक, हर सर्कल बनाएगा 'ग्राहक वृद्धि योजना' और 'वित्त वर्ष 2025-26 के लिए व्यवसाय योजना' मंत्री सिंधिया ने टीम को हर महीने बैठक करने और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं तथा क्षेत्रीय चुनौतियों पर चर्चा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न क्षेत्रों की चुनौतियों के लिए मिलकर समाधान बनाए जाएं। उन्होंने हर सर्कल से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक ग्राहक वृद्धि योजना और एक व्यवसाय योजना तैयार करने को कहा है। वरिष्ठ अधिकारियों और सीजीएम ने साझा किया कि वर्षों बाद किसी मंत्री ने उनसे व्यक्तिगत स्तर पर बैठक की है। कई अधिकारियों ने कहा कि यह मासिक बैठक उनके लिए एक ऐसा मंच बन जाएगी जहाँ वे अपने साथियों के साथ खुले विचारों का आदान-प्रदान और चर्चा कर सकेंगे।

## 16 अप्रैल को मंडला से होगी लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 16 अप्रैल को मंडला जिले के ग्राम टिकरवारा से लाड़ली बहनों के खाते में राशि का अंतरित की जायेगी। उन्होंने कहा कि राशि अंतरण की तारीख में सदैव एकरूपता लाने के लिए अब राज्य सरकार द्वारा प्रतिमाह 15 तारीख के आसपास यह राशि लाड़ली बहनों के खाते में हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल (बुधवार) को मंडला जिले से प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाडली बहनाओं के खाते में 1552.38 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद् की बैठक के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में 13 अप्रैल को राज्य सरकार तथा नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के मध्य सहकारिता अनुबंध हुआ।

इससे प्रदेश के पशुपालकों को सीधा लाभ होगा। पशुपालकों द्वारा उत्पादित दूध एवं इससे जुड़े अन्य उत्पाद अब सीधे एनडीडीबी के माध्यम से खरीदे जायेंगे। इससे प्रदेश के पशुपालकों की माली हालत तेजी से सुधरेगी और वे आत्मनिर्भर हो सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह ने प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के कुल दुग्ध उत्पादन की तुलना में दुग्ध संकलन बड़े पैमाने पर बढ़ाया जाये। साथ ही प्रदेश के शेष्ज्ञ आधे ग्रामों से दूध का संकलन करने की कार्रवाई में भी गति लायें। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा 5 रुपए प्रति लीटर बोनस के रूप में प्रोत्साहन राशि देने सहित "डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना" का प्रचार-प्रसार एवं मप्र के दूध की प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक मार्केटिंग एंव ब्रांडिंग भी की जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एनडीबीबी द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति के लिए कॉम्प्रिहेंसिव प्लान म.प्र. सरकार के साथ मिलकर तैयार किया जा रहा है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**पेंशन अदालत**

**वैगन मरम्मत कारखाना, झॉसी उत्तर मध्य रेल, द्वारा दिनांक 16 जून 2025 को पेंशन अदालत का आयोजन ।**



रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार वैगन मरम्मत कारखाना झॉसी द्वारा दिनांक 16.06.2025 (सोमवार) को समय 11.00 बजे मुख्य कारखाना प्रबन्धक कार्यालय के मीटिंग हॉल में पेंशन अदालत आयोजित की जायेगी। सेवानिवृत्त कर्मचारी / मृतक कर्मचारियो के आश्रित, यदि उन्हे सेवानिवृत्ति देय या पेंशन से सम्बन्धित कोई शिकायत है, तो अपना आवेदन विहित रूप में दिनांक 30.04.2025 तक कार्यालय में रखी गई पेटिका में डाले या निम्नलिखित पते पर डाक द्वारा भेज सकते है।

| पता किस पर आवेदन भेजना है। | आयोजन- स्थल |
|---|---|
| उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, वैगन मरम्मत कारखाना, उत्तर मध्य रेल, झॉसी। | मीटिंग हॉल, मुख्य कारखाना प्रबन्धक, कार्यालय । |

**आवेदन का प्रारूप**

**1-** आवेदन/आवेदिका का नाम **2-** भूतपूर्व कर्मचारी का नाम **3-** टिकट संख्या/कर्मचारी संख्या **4-** पदनाम एवं अन्तिम कार्यस्थल **5-** पूर्व कर्मचारी के साथ आवेदक/आवेदिका का सम्बन्धं **6-** वर्तमान पता **7-** सेवानिवृत्ति तिथि **8-** सेवा निवृत्ति का प्रकार (सामान्य/स्वैच्छिक/अनिवार्य) **9-** पी.पी.ओ. संख्या (छाया प्रति संलग्न की जाये।) **10-** अन्तिमं वेतन एवं वेतनमान **11-** शिकायत का विस्तृत विवरण **12-** मोबाईल न0 एवं सम्बन्धित पे ग्रुप संख्या

**नोट - कृपया लिफाफे पर पेंशन अदालत जून-2025 का उल्लेख करें तथा आवेदन 03 प्रतियों में समस्त प्रपत्रो सहित उपलब्ध करायें।**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR | 638/25 (D)

मिला सम्मान और संबल

संवर रहा बहनों का आज और कल



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

लाड़ली बहना योजना



1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को ₹1552.38 करोड़ की सहायता

खाते में आज आएंगे 23वीं किस्त के ₹1250 एवं

56.68 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को ₹340 करोड़

25 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग राशि ₹57 करोड़ का अंतरण

अब तक 1.27 करोड़ बहनों को मिली है ₹35 हजार करोड़ से अधिक की सहायता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा

16 अप्रैल, 2025 | अपराह्न 1:30 बजे | ग्राम टिकरवारा, जिला मंडला

D-11012/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।